RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

पेज 7 कभी भोली पंजाबन तो...

वर्ष : 27 | अंक : 02 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 23 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

मुठभेड़ में तीन खालिस्तान समर्थक आतंकवादी ढेर

पीलीभीत (एजेंसी)। विगत 20 दिसंबर को पंजाब के जिला गुरुदासपुर में एक पुलिस चौकी पर हमला करने वाले तीन आतंकियों को आज मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। तीनों आतंकियों की पहचान कर ली गई है। तीनों मृतक आतंकी गुरुदासपुर के ही रहने वाले हैं। मुठभेड़ के दौरान आतंकियों की गोली से दो सिपाही घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया कराया है।

एसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि प्रात: करीब चार बजे पूरनपुर में खमरिया तिराहा पर तैनात पिकेट के पुलिसकर्मियों को सूचना मिली कि बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवक उधर से गुजरने वाले हैं। दूसरी ओर पंजाब की पुलिस को पता चला था कि गुरुदासपुर में पुलिस चौकी पर हमला करने वाले तीन आतंकी पीलीभीत जिले में पहुंच गए हैं। पंजाब पुलिस पहले से ही यहां आकर उनकी तलाश कर रही थी। इसी दौरान तीन युवक बाइक पर सवार होकर खमरिया

तिराहे से गुजरे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। पर आतंकियों ने अपनी बाइक तेज गति से दौड़ा दी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया, कि पुलिसकर्मियों ने अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही बाइक का पीछा करना शुरू कर दिया। बाइक सवार पीलीभीत-पूरनपुर रोड पर हरदोई ब्रांच के पुराने पुल से होकर नहर पटरी की तरफ भागने लगे। इसी बीच एसपी के निर्देश पर भारी पुलिस फोर्स मौके पर जा पहुंची। गुरुदासपुर जिले की पुलिस भी पीछा करते हुए पहुंची। अपने को घिरता देखकर आतंकी फायरिंग करने लगे।

आतंकियों की गोली से एसओजी के सिपाही शहनवाज व माधोटांडा थाने के सिपाही सुमित कुमार घायल हो गए। इसी बीच पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीनों आतंकी घायल हो गए। घायल आतंकियों के कब्जे से दो एके 47, दो विदेशी पिस्टल और बाइक बरामद हुई। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। तीनों आतंकियों को राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया। मामले की सूचना पाकर सीएमओ डॉक्टर आलोक कुमार मेडिकल (शेष पृष्ठ-4 पर)

किसानों के लिए प्रदेश सरकार समर्पित : योगी

लखनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस उत्तर प्रदेश में 2002 से 'किसान सम्मान दिवस' के रूप में मनाया जाता है। चौधरी साहब कहा करते थे कि किसान गरीब होगा तो भारत अमीर नहीं हो सकता। भारत को समृद्ध बनाने के लिए अन्नदाता किसान को समृद्ध बनाना पड़ेगा। इसे ध्यान में रखकर पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। किसानों के लिए 2014 से जो प्रयास प्रारंभ हुआ, दुनिया उसे मॉडल के रूप में ले रही है।

मुख्यमंत्री ने आज पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती 'किसान सम्मान दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत 11कृषकों को ट्रैक्टर की चाबी दी और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में पीएम ने कहा था कि हमें किसानों की आमदनी को दोगुना करना है। प्रदेश में 1996 से 2017 तक (22 वर्ष) में कुल 95 हजार करोड़ रुपये गन्ना

किसानों के खाते में गया था, लेकिन 2017 से अब तक 2 लाख 61 हजार करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजा गया है। पीएम मोदी का जोर है कि लागत को कम करना व उत्पादन को बढ़ाना है और इसी के माध्यम से किसान को समृद्ध व खुशहाल कर सकते हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

ट्रैक्टर ने कार को मारी टक्कर, कार चालक की मौत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बीटा-2 क्षेत्र के निंबस आवासीय फ्लैट के सामने रॉन्ग साइड आ रहे ट्रैक्टर चालक ने कार में टक्कर मार दी। इस हादसे में कार चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। ग्राम सुत्याना निवासी ललित पाल अपने दोस्त की कार से यमुना एक्सप्रेसवे से होता हुआ अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह निंबस आवासीय प्लेटों के पास पहुंचा तो रॉन्ग साइड आ रहे ट्रैक्टर चालक ने उसकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई और ललित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर स्थिति में ललित पाल को अस्पताल ले जाएगा लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस संबंध में मृतक के पिता चरण सिंह ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दो अंतरर्राज्यीय चोर दबोचे, 7.72 लाख नकदी व जेवरात बरामद

नोएडा (चेतना मंच)। रेकी करने के बाद बंद घरों में लगे तालों को मास्टर की की मदद से खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो अंतरर्राज्यीय शातिर चोरों को थाना फेस-3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है इनके पास से पुलिस ने 7,72000 रुपए, जेवरात,चाकू व स्कूटी बरामद की हैं।

जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गढ़ी गोल चक्कर के पास से जितेंद्र उर्फ गोलू पुत्र राजेंद्र निवासी जनपद जयपुर तथा राजेश उर्फ गंज पुत्र किशन लाल निवासी आगरा को विरासत में लिया इनके पास से चाकू, 772000 तथा जेवरात बरामद हुए। पूछताछ में दोनों बदमाशों ने बताया कि वह स्कूटी के नंबर प्लेट उतार कर सेक्टर में घूमकर बंद पड़े घरों की रेकी करते थे। रेकी करने के बाद वह मास्टर की की मदद से ताला खोलकर घरों से सामान पैसा व जूलरी चोरी करते थे। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद कुछ दूर जाकर वह अपने वाहन पर नंबर प्लेट लगाकर भाग जाते थे।

चोरी किए गए जेवरातों को वह केमिकल से साफ कर सस्ते दामों में बेच देते थे। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 16 दिसंबर को सेक्टर-71 स्थित जागृति अपार्टमेंट में एक घर में चोरी की घटना को अंजाम देकर जेवरात नगदी व कीमती सामान पर हाथ साफ किया था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

करंट लगने से मौत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बा सूरजपुर में बाथरूम में पानी गर्म करने के लिए लगाई गई रॉड से करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मूलरूप से मुंगेर बिहार का रहने वाला (30 वर्षीय) राजीव यादव हाल में कस्बा सूरजपुर में रह रहा था। 21 दिसंबर की शाम को राजीव यादव ने अपने बाथरूम में नहाने के लिए बाल्टी में पानी गर्म करने के लिए रॉड लगाई थी। राजीव यादव बाथरूम में पहुंचा (शेष पृष्ठ-4 पर)

छत से गिरकर मरा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के खैरपुर गुर्जर गांव में छत से गिरने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरपुर गुर्जर गांव निवासी 65 वर्षीय है जितेंद्र अपने घर की दूसरी मंजिल से संतुलन बिगड़ने के कारण नीचे आगे रहे गंभीर स्थिति में प्रजेंट उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर शव के पंचनामा की कार्रवाई की।

रालोद ने चौधरी चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली/नोएडा (चेतना मंच)। राष्ट्रीय लोकदल नोएडा टीम द्वारा आज भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती राजघाट पर चौधरी साहब को पुष्पांजलि देकर मनाई गई। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के नोएडा विधानसभा अध्यक्ष बी0 एल0 अग्रवाल एवं नोएडा महानगर अध्यक्ष विजेन्दर यादव, नोएडा महानगर महासचिव सुनील पांडे एवं विजय भाटी सहित हज़ारों कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

टोल प्लाजा का बूम बैरियर तोड़ने पर चालक समेत दो गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दादरी क्षेत्र के लुहारली टोल प्लाजा पर बूम बैरियर तोड़ने तथा कर्मचारियों को धमकी देने के आरोप में ट्रक चालक व एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। टोल प्लाजा के मैनेजर ने मुकदमा दर्ज कराया है।

लुहारली टोल प्लाजा के मैनेजर अरिजीत दास गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 दिसंबर को एक ट्रक टोल प्लाजा पर पहुंचा। ट्रक चालक बिना टोल दिए बूम बैरियर को तोड़कर भागने का प्रयास लगा। टोल कर्मियों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया। इस कारण टोल प्लाजा के बूथ नंबर-1 की लाइन में यातायात जाम हो गया। इस दौरान ट्रक चालक ने जोखाबाद के रहने वाले अमित को फोन कर दिया।

टोल प्लाजा से इस बात की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को साइड खड़ा करवाकर यातायात को सुचारू कराया। टोल प्लाजा के मैनेजर के मुताबिक कुछ समय बाद जोखाबाद निवासी अमित मौके पर पहुंचा और उसने कहा कि यह ट्रक उसका है और वह कोई टोल अदा नहीं करेगा। अगर टोल के किसी कर्मचारी ने उसके ट्रक को रोका तो ट्रक उसके ऊपर चढ़ा दिया जाएगा। टोल प्लाजा मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने चालक व अमित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गृहमंत्री की टिप्पणी पर भड़की दलित उत्थान महासभा

● राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

नोएडा (चेतना मंच)। संविधान के जनक तथा दलितों एवं पिछड़ों के मसीमा डा. भीमराव अंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर दलित उत्थान महासभा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आज सेक्टर-19 स्थित नगर मजिस्ट्रेट कार्यालयपर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

इससे पूर्व सभी ने गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा कहा कि गृहमंत्री अपनी टिप्पणी को लेकर माफी मांगें। (शेष पृष्ठ-4 पर)

77 लाख में एपीजे स्कूल से लेकिर फिल्म सिटी फ्लाईओवर तक सड़क होगी चौड़ी

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा-दिल्ली को जाने वाले चिल्ला बॉर्डर की तरफ से आकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की तरफ जाने के लिए सड़क चौड़ी करने का दायरा बढ़ाया गया है। अब एपीजे स्कूल के सामने से लेकर फिल्म सिटी फ्लाईओवर के पास तक सड़क चौड़ी की जाएगी। यह दायरा करीब 800 मीटर लंबा होगा। अभी तक एपीजे स्कूल के पास करीब 300 मीटर हिस्से में ही सड़क चौड़ी की जानी प्रस्तावित थी। चौड़ीकरण से एक लेन अतिरिक्त बन जाएगी, इससे जाम में कमी आएगी। कुछ दिन पहले तक सेक्टर-16ए स्थित एपीजे स्कूल के सामने सड़क चौड़ी करने का काम चल रहा था, लेकिन ग्रैप-4 लगे होने की वजह से काम बंद पड़ा है। डीएनडी फ्लाईओवर के नीचे सीवर लाइन शिफ्ट नहीं होने से भी काम में अटकाव है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि एपीजे स्कूल के आसपास अलग-अलग हिस्सों में करीब 300 मीटर हिस्से में सड़क चौड़ीकरण की योजना तैयार कर उसका काम शुरू किया जा चुका है। सड़क किनारे फुटपाथ को हटाकर सड़क चौड़ी की जा रही है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

मारपीट में पति व सास पर दर्ज कराया मुकदमा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना फेस-2 में एक महिला ने अपने पति और सास के खिलाफ मारपीट करने का आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट की जानकारी मिलने पर जब उसके पिता बचाने घर आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। सेक्टर-93 में रहने वाली कामिनी (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 20 दिसंबर को अपने घर में बैठी हुई थी। इस दौरान उसका पति विकास कुमार उर्फ विक्की लोहे की रॉड लेकर घर में घुसा और उसके साथ मारपीट करने लगा। उसकी दोस्त ने बीच- बचाव कर उसे छुड़ाने का प्रयास किया तो उसके पति ने उसके साथ भी मारपीट की। इस दौरान पड़ोसियों ने उसके पिता (शेष पृष्ठ-4 पर)

सिगरेट उधार ना देने पर दुकानदार को पीटा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। सिगरेट उधार ना देने से गुस्साए युवक ने दुकानदार के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। विरोध करने पर युवक ने दुकान में भी तोड़फोड़ की। पीड़ित ने थाना कासना में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम जमालपुर निवासी लखन भाटी ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह गांव में ही परचून की दुकान चलाता है। 20 दिसंबर की शाम को गांव का ही राजीव पुत्र विक्रम सिंह उसकी दुकान पर पहुंचा। राजीव ने उसे सिगरेट उधार देने को कहा। उसने जब उधार देने से इनकार किया तो राजीव आग बबूला हो गया। राजीव ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान राजीव ने दुकान के काउंटर पर रखे सामान को भी तोड़फोड़ दिया। आस पड़ोस के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कराया। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से चला गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

'एनटीबीसीएल को आवंटित अतिरिक्त जमीन वापस ली जाए'

- संलिप्त अधिकारियों की जांच कर कड़ी कार्रवाई हो : नवाब सिंह नागर
- डीएनडी टोल की जीत पर सभी संगठनों का आभार जताया

नोएडा (चेतना मंच)। लोगों को हमेशा के लिए डीएनडी के टोल से निजात दिलाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने सभी सहयोगी संगठनों तथा जनहित मोर्चा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। जनहित मोर्चा के संरक्षक श्री नागर ने जनहित के सभी पदाधिकारियों को संघर्ष के लिए सम्मानित किया तथा आपस में मिठाई खिलाकर खुशी जताई।

सेक्टर-33 स्थित अपने आवास में कार्यक्रम के बाद उन्होंने मीडिया को भी संबोधित किया। नवाब सिंह नागर ने कहा कि जनहित मोर्चा अब नोएडा प्राधिकरण द्वारा डीएनडी की संचालक कंपनी एनटीबीसीएल को आवंटित अतिरिक्त जमीन को वापस लेने की मांग करेगा। उन्होंने इस समूचे घोटाले तथा गलत अनुबंध किए जाने में संलिप्त नोएडा प्राधिकरण के अफसरों की जांच कराने तथा कार्रवाई करने की भी मांग की। जनहित मोर्चा के संरक्षक पूर्व मंत्री नवाब सिंह नगर ने उन जनसंघर्ष करने वाले सभी संगठन एवं साथियों को जो 3 रातों तक (शेष पृष्ठ-4 पर)

नाले में गिरकर बाइक सवार की मौत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। पुलिस लाइन नोएडा के पास नाले में बाइक गिरने की वजह से एक कंपनी के एचआर की दर्दनाक मौत हो गई। थाना सूरजपुर पुलिस को सूचना मिली कि पुलिस लाइन के पास नाले में एक बाइक सवार व्यक्ति गिर गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाले से उक्त व्यक्ति को बाहर निकाला, लेकिन त बतक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बाइक नंबर के आधार पर मृतक की पहचान श्याम कुमार पुत्र रामकुमार निवासी कस्बा सूरज के रूप में हुई। श्याम कुमार मूल रूप से बलरामपुर छत्तीसगढ़ का रहने वाला था और वह स्टालिन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में एच आर के पद पर कार्यरत था।

मारपीट के आरोप में तीन गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दादरी पुलिस ने मारपीट के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गाड़ी आपस में टकराने के विवाद में आरोपियों ने मारपीट की थी।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि 22 दिसंबर को रेलवे रोड चौकी क्षेत्र में पुलिस को दो पक्षों में मारपीट होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि दोनों पक्षों के बीच गाड़ी आपस में टकराने जाने के कारण विवाद होने के उपरांत मारपीट हुई थी। पुलिस ने मारपीट में घायल लोगों का चिकित्सीय परीक्षण कराया। इस संबंध में दर्ज मुकदमे के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट की घटना में शामिल राहुल भाटी, आलोक भाटी व अभिषेक निवासी ग्राम पाली को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

शाह की टिप्पणी

जब देश की नई संसद में सदन की कार्रवाई शुरू हुई, तो विश्वास था कि देश में संसदीय मर्यादाओं को नई गरिमा मिलेगी। लेकिन हाल ही में संपन्न शीतकालीन सत्र के दौरान हुए हंगामे ने देश के आम जनमानस को गहरे तक निराश ही किया। सड़क पर सांसदों की धक्का-मुक्की और आरोप-प्रत्यारोपों ने उन मतदाताओं को ठेस पहुंचायी, जिन्होंने उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना था। आरोप-प्रत्यारोप तो सांसदों की पुरानी परंपरा रही है, लेकिन इस बार तो बात धक्का-मुक्की से लेकर थाने तक जा पहुंची। ऐसे में सवाल किया जा सकता है कि जब हमारे माननीयों का व्यवहार ऐसा होगा तो आम आदमी से क्या उम्मीद की जा सकती है। दरअसल, महाराष्ट्र चुनाव में करारी शिकस्त से पस्त विपक्ष सरकार पर हमले के लिये मुद्दे की तलाश में था। उन्हें मुद्दा खुद गृहमंत्री अमित शाह ने दे दिया। संविधान के रचयिताओं में अग्रणी डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बारे में शाह की टिप्पणी के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन के सांसदों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला कालांतर टकराव में बदल गया। निश्चय ही राजनेताओं के व्यवहार से देश-विदेश में कोई अच्छा संदेश नहीं गया। जिन सांसदों के हाथ में कानून की गरिमा बनाये रखने की जिम्मेदारी है, वे हाथ ही धक्का-मुक्की में लिप्त होने लगे। जो जनप्रतिनिधियों की कथनी-करनी के अंतर को ही दर्शाता है। सही मायनों में यह मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने उन्हें चुनकर संसद में भेजा है। निस्संदेह, जब अमित शाह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का नाम जपना एक फैशन बन गया तो ऐसा करके उन्होंने अपना कद कदापि नहीं बढ़ाया। इस तरह उन्होंने संविधान के जनक को एक अनावश्यक विवाद में घसीट लिया। महाराष्ट्र चुनाव में पराजय के बाद खस्ता हाल में आये विपक्ष को इस विवाद ने राजग पर एकजुट हो हमलावर होने का अवसर दे दिया है। विपक्ष ने भी मुद्दे को तुरंत लपक लिया। लेकिन इस तरह के विवाद को असंसदीय ही कहा जाएगा। कालांतर में स्थिति यहां तक पहुंच गई कि शाह की बयानबाजी के बचाव में खुद प्रधानमंत्री को उतरना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक स्वार्थ के लिये दुर्भावनापूर्ण झूठ का सहारा लेने का आरोप भी लगाया। निस्संदेह, डॉ. बी.आर. अंबेडकर एक ऐसे राष्ट्रीय प्रतीक हैं, जिनकी गरिमा को कोई भी राजनीतिक पार्टी नजरअंदाज नहीं कर सकती। यह स्पष्ट ही है कि राजनीतिक लाभ के लिए दोनों प्रमुख पार्टियां उनकी विरासत पर कब्जा करने को यह खेल खेल रही हैं। उनका अमर्यादित व्यवहार इस स्थिति को और गंभीर बना देता है। विडंबना ही है कि ये स्थितियां तब पैदा हुईं जब देश संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोह आयोजित कर रहा था। दुनिया को यह बताने का प्रयास कर रहा था कि लोकतंत्र, न्याय और समानता की कसौटी पर यह जीवंत दस्तावेज खरा उतरा है। निस्संदेह, इस बात में दो राय नहीं हो सकती कि संविधान के आदर्शों को बनाये रखना सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उनकी प्राथमिकता सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की होनी चाहिए, न कि आरोप-प्रत्यारोप व टकराव की सीमाएं लांघने की। वे कम से कम लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा और गरिमा को बनाये रखने का दायित्व तो निभा ही सकते हैं। यदि ऐसा न हुआ तो लोकतंत्र का यह मंदिर प्रहसन के रंगमंच में बदल जाएगा। साथ ही भारत के विश्व गुरु व विश्व बंधुत्व के नारे में भी कोई तार्किकता नहीं रह जाएगी। आज देश बेरोजगारी, महंगाई तथा विकास से जुड़ी तमाम समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे विवादों से तो मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकता है। जबकि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता जन कल्याण के रास्ते तलाशना होना चाहिए। निश्चित रूप से देश-दुनिया में इस विशालतम लोकतंत्र की कारगुजारियों का अच्छा संदेश तो कदापि नहीं जाएगा। हमारे जनप्रतिनिधियों को सोचना चाहिए कि जनता के करों के पैसे से चलने वाले सदन ने शीतकालीन सत्र में क्या हासिल किया। निश्चित रूप से इस सत्र के दौरान होने वाले अप्रिय विवादों से देश-दुनिया में कोई अच्छा संदेश तो कदापि नहीं गया है।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हिमाचल ने पहले ही से बहुत से घर सजवा रखे थे। यथायोग्य उन-उन स्थानों में सब लोग उतर गए। नगर की सुंदर शोभा देखकर ब्रह्मा की रचना चातुरी भी तुच्छ लगती थी॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

लघु लाग बिधि की निपुनता अवलोकि पुर सोभा सही।
बन बाग कूप तड़ाग सरिता सुभग सब सक को कही॥
मंगल बिपुल तोरन पताका केतु गृह गृह सोहहीं।
बनिता पुरुष सुंदर चतुर छबि देखि मुनि मन मोहहीं॥

नगर की शोभा देखकर ब्रह्मा की निपुणता सचमुच तुच्छ लगती है। वन, बाग, कुएँ, तालाब, नदियाँ सभी सुंदर हैं, उनका वर्णन कौन कर सकता है? घर-घर बहुत से मंगल सूचक तोरण और ध्वजा-पताकाएँ सुशोभित हो रही हैं। वहाँ के सुंदर और चतुर स्त्री-पुरुषों की छबि देखकर मुनियों के भी मन मोहित हो जाते हैं॥

दो0-जगदंबा जहँ अवतरी सो पुरु बरनि कि जाइ।
रिद्धि सिद्धि संपत्ति सुख नित नूतन अधिकाइ॥

जिस नगर में स्वयं जगदम्बा ने अवतार लिया, क्या उसका वर्णन हो सकता है? वहाँ ऋद्धि, सिद्धि, सम्पत्ति और सुख नित-नए बढ़ते जाते हैं॥

नगर निकट बरात सुनि आई। पुर खरभरु सोभा अधिकाई॥
करि बनाव सजि बाहन नाना। चले लेन सादर अगवाना॥

बारात को नगर के निकट आई सुनकर नगर में चहल-पहल मच गई, जिससे उसकी शोभा बढ़ गई। अगवानी करने वाले लोग बनाव-श्रृंगार करके तथा नाना प्रकार की सवारियों को सजाकर आदर सहित बारात को लेने चले॥

(क्रमशः..)

निस्तेज विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलेगा?

विपक्ष बात-बात पर तू-तू, मैं-मैं करते हुए बात का बतंगड़ बनाकर देश का भारी नुकसान कर रहा है। संसद को चलने नहीं दे रहा है, आधे-अधूरे बयान के हिस्से को प्रचारित कर घटिया एवं सस्ती राजनीति करते हुए देश को गुमराह कर रही है। बेबुनियाद एवं भ्रामक मुद्दों को उछाल कैसे गुल खिलाये, कैसे देश को अंधेरों में धकेला जाये, इसी फिराक में कांग्रेस एवं समूचा विपक्ष दिनरात लगा है, इसका प्रमाण है गत दिवस संसद में गृह मंत्री अमित शाह के डा. आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर विपक्ष का हंगामा, तीखी नोकझोंक एवं होहल्ला। इस हंगामे का आधार यह है कि गृह मंत्री ने यह कह कर आंबेडकरजी का अपमान कर दिया कि यदि आंबेडकर, आंबेडकर करने वाले इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। मुश्किल यह है कि हंगामा करने वाले यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि आखिर ऐसा कहने से आंबेडकरजी का अपमान कैसे हो गया? विडम्बना देखिये कि आजादी के बाद से अब तक आंबेडकर का अपमान करने, तिरस्कार करने एवं उनकी उपेक्षा करने वाला दल एकाएक उनका इतना हिमायती कैसे हो गया? यह सारा हंगामा विपक्ष इसलिये कर रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी ने आंबेकडर को शीर्ष राष्ट्रनायकों में शुमार कर किया है और उनकी नीतियों, सिद्धान्तों एवं मूल्यों को राजनीति का अहम हिस्सा बनाया है। विपक्ष डरा हुआ है कि भाजपा आंबेडकर को आजादी के बाद प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के बाद उचित स्थान देकर दलित समुदाय के हितों की वास्तविक चिन्ता की है, जिससे दलित वोट भाजपा के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा है। इसलिये शाह के बयान को तोड़-मरोड एवं आधा-अधूरा प्रस्तुत कर बेवजह का हंगामा करने पर तुले विपक्ष एवं उनके नेताओं ने जो एवं जैसे तर्क दिए हैं, वे विचित्र ही नहीं, हास्यास्पद भी हैं।

बाबा साहेब आंबेडकर पर घडियाली आंसू बहाने वाला विपक्ष एवं विशेषत: कांग्रेस यह भूल रही है कि आंबेडकर का सर्वाधिक अपमान एवं उपेक्षा इन्हीं दलों ने की है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आंबेडकर को पसन्द नहीं करते थे। क्योंकि आंबेडकर मुस्लिम तुष्टिकरण की कांग्रेस नीति से नाखुश थे। उनका मत था कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ है, अत: सभी मुस्लिम को भारत छोड़ देना चाहिए? गांधी और नेहरू ने इस विचारधारा का विरोध किया? गांधी तो विरोध में भूख हड़ताल पर बैठ गए? बाबा साहेब ने गांधी से समझौता कर संविधान को मुस्लिम के अनुसार ड्राफ्ट कर दिया? फिर भी नेहरू बाबा साहेब के विरुद्ध लगातार लगे रहे। यहां तक आंबेडकर के चुनाव लड़ने पर नेहरू ने उनके खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी खड़ा कर उन्हें हरवा दिया? विडम्बना देखिये कि आंबेडकर के सचिव नारायण सदोबा काजरोलकर को उनके खिलाफ खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने न केवल दो

बाबा साहेब आंबेडकर पर घडियाली आंसू बहाने वाला विपक्ष एवं विशेषत: कांग्रेस यह भूल रही है कि आंबेडकर का सर्वाधिक अपमान एवं उपेक्षा इन्हीं दलों ने की है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आंबेडकर को पसन्द नहीं करते थे।

बार उन्हें चुनाव में हराया बल्कि केन्द्र सरकार में उनकी घोर उपेक्षा लगातार जारी रखी। इसी से नाराज होकर आंबेडकर ने मंत्री पद से इस्तिफा देते हुए नेहरू पर गंभीर आरोप लगाये। इतना ही नहीं आंबेडकर ने स्वयं के बनाये संविधान को जला देने की बात भी इसलिये कही थी कि संविधान का संचालन गलत हाथों में है।

इतिहास की इन त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों के बावजूद आखिर कांग्रेस किस आधार पर आंबेडकर की तस्वीरें लेकर संसद परिसर में विरोध कर रही है। अपने आरोप को पुष्ट करने के लिए विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान के एक हिस्से को तो प्रचारित कर रहे हैं, लेकिन उसके शेष हिस्से को सुनने के लिए तैयार नहीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि डा. आंबेडकर का नाम लेने वालों ने किस तरह उनके विचारों के खिलाफ काम किया और उन्हें अपमानित करने में भी संकोच नहीं किया। लगता है कांग्रेस को यही नागवार गुजरा और इसी कारण वह संसद के भीतर-बाहर इस मामले को तूल देने में जुट गई। इसे तूल देने के लिए उसके नेताओं की ओर से संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा बरपाया कि दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सांसद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिरे। आरोप पर जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि हां! ऐसा हुआ। वे हमें प्रवेश द्वार पर रोकने की कोशिश रहे थे। ये तर्क एवं त्रासद स्थितियां संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाली है। कांग्रेस के तर्कों का स्तर न केवल राजनीतिक विमर्श का गिराने वाला ही नहीं, बल्कि यह बताने वाले भी हैं कि नेतागण किस तरह तिल का ताड़ बनाने में माहिर हो गए हैं। कांग्रेस भाजपा के बारे में तथ्यहीन एवं भ्रामक अफवाहें फैला रही है। कांग्रेस नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक गरीब और बेरोजगारी का गीत गाते रहे हैं, लेकिन उनके शासनकाल में न तो गरीब खत्म हुए और न बेरोजगारी? नीयत में खोट और अनुभवहीनता का जब सत्ता प्राप्ति के संदर्भ में समन्वय हो जाता है, तो ऐसी हास्यास्पद स्थितियां निर्मित हो जाती हैं। भारत की राजनीति में इस समय यही स्थिति बन गई है।

राजनीतिक बहस का स्तर इतना छिछलादार, स्तरहीन एवं बेबुनियाद नहीं होना चाहिए। झूठ को जोर-जोर से चिल्लाकर कहने से वह सच नहीं हो जाता। यह अच्छा हुआ कि गृह मंत्री ने अपने बयान पर कोई सफाई देने के बजाय दो टूक यह कहना उचित समझा कि उनके पूरे वक्तव्य को सुना जाए। वैसे यह तय है कि विपक्षी नेता ऐसा नहीं करने वाले, क्योंकि उन्हें यही साबित करना है कि आंबेडकरजी का अपमान हो गया, संविधान खतरे में आ गया इसलिये गृहमंत्री को अपने पद से इस्तिफा दे देना चाहिए। आखिर इसे मूर्खतापूर्ण राजनीति न कहा जाए तो क्या कहा जाए? इस पर हैरानी नहीं कि राहुल गांधी को फिर से यह नजर आने लगा कि मोदी सरकार संविधान बदलने जा रही है। कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान को लेकर आसमान सिर पर उठाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस सच को नहीं छिपा सकते कि उनके शासनकाल में डा. आंबेडकर की किस तरह उपेक्षा और अनदेखी की गई। इसका सबसे बड़ा प्रमाण तो यही है कि जहां जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी को तो उनके जीवनकाल में ही भारत रत्न से सम्मानित कर दिया गया, लेकिन आंबेडकरजी को यह सम्मान दशकों बाद 1990 में मिल सका। यहां तक संसद के केन्द्रीय कक्ष में मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू एवं इन्दिरा गांधी की तस्वीरें तभी लग गयी लेकिन आंबेडकर की तस्वीर वी.पी. सिंह ने प्रधानमंत्री रहते लगायी गयी। क्या कांग्रेस बता सकेगी कि ऐसा क्यों हुआ? क्यों आंबेडकर की लगातार उपेक्षा होती रही?

डा. आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 के अपने ऐतिहासिक भाषण में यह कहा था कि संविधान कितना अच्छा होगा, यह आगे चलकर उसे चलाने वालें सत्ता नेतृत्व की मानसिकता एवं नीयत पर निर्भर करेगा। 1975-77 में यह शब्दश: सत्य सिद्ध हुआ, जब पद पर बने रहने की लालसा ने संविधान के साथ अत्याचार करते हुए आपातकाल लागू किया गया, जिसे इतिहास भूलेगा नहीं। लेकिन आज जो संविधान बचाने का शोर सुनाई दे रहा है और जिसकी प्रति संसद से संभल तक लहराई जा रही है, वह देश का ध्यान भटकाने की कोशिश मात्र है, जनता को गुमराह करने की कुचेष्टा मात्र है। निश्चित ही यह दयनीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद है कि सत्ता पाने के लिए व्याकुल लोगों की व्यग्रता अब घातक उग्रता के रूप में प्रकट हो रही है। संसद के कार्य संचालन में जैसे व्यवधान डाले जा रहे हैं, वे न तो भारत के संविधान के प्रति कोई आदरभाव प्रकट करते हैं, न ही आंबेडकर के प्रति कोई श्रद्धा प्रकट करते हैं। आज हमारे विपक्ष के पास एक भी ऐसा नेता नहीं है जो इस स्थिति से देश को बाहर निकाल सके, राष्ट्रीय चरित्र को जीवित रखने का भरोसा दिला सके। प्रश्न है कि निराश करने वाला विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलता रहेगा?

- ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

अंतर्जातीय विवाह का एकता-अखंडता में महत्त्व

यह हमें यह सिखाता है कि समाज का असली आधार मानवीय संबंधों और प्रेम में होना चाहिए, न कि किसी जाति या धर्म के आधार पर। इस प्रकार, अंतर्जातीय विवाह जातिवाद को समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं और समाज में एकता की भावना को बढ़ावा देते हैं। अंतर्जातीय विवाह समाज में समरसता और एकता को बढ़ावा देता है। जब विभिन्न जातियों के लोग आपस में विवाह करते हैं, तो इससे उनके बीच आपसी समझ, विश्वास और सम्मान का वातावरण बनता है। इससे समाज में जातीय भेदभाव और सांप्रदायिक तनाव कम होता है। यह विवाह विभिन्न जातियों के बीच मजबूत सामाजिक संबंध स्थापित करते हैं, जो भारत की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण है। डा. अंबेडकर ने भी अंतर्जातीय विवाह को भारत में जातिवाद खत्म करने में सबसे महत्वपूर्ण माना है। समाज में जातिवाद की जड़ें बहुत गहरी हैं, लेकिन धीरे-धीरे इसके खिलाफ सोच बदल रही है। शिक्षा, मीडिया और वैश्विक स्तर पर संपर्क के कारण, आज के युवा अधिक खुले विचारों वाले हैं और वे जाति के बंधनों से परे रिश्ते बनाने की सोच रखते हैं। अंतर्जातीय विवाह इस बदलाव को आकार देने का एक प्रभावी तरीका है, जो समाज में समरसता और सामूहिक शक्ति को बढ़ाता है। अंतर्जातीय विवाह से समाज में शिक्षा और अवसरों का समान वितरण सुनिश्चित होता है।

जब विभिन्न जातियों के लोग एक-दूसरे से विवाह करते हैं, तो वे अपने बच्चों को समान अवसर प्रदान करते हैं। इन विवाहों के माध्यम से बच्चों को यह सीखने को मिलता है कि वे किसी जाति या धर्म के बजाय अपने व्यक्तित्व और क्षमताओं के आधार पर समाज में स्थान बना सकते हैं। इसके अलावा, जब युवा विभिन्न राज्यों और देशों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, तो वे दूसरी जातियों के लोगों से मिलते हैं और विभिन्न संस्कृतियों को समझते हैं। यह अनुभव अंतर्जातीय विवाहों को प्रोत्साहित करता है, क्योंकि इससे समाज में जातीय और सांस्कृतिक विभाजन कम होता है। ऐसे विवाह समाज को समृद्ध और प्रगति की ओर अग्रसर करते हैं। लेकिन बड़े दुःख की बात है कि हम आज भी खबरों में देखते हैं कि माता-पिता ने अंतर्जातीय विवाह होने पर बेटी या बेटे को घर से निकाला। अंतर्जातीय विवाह के कारण ऑनर किल्लिंग की खबरें भी कई बार पढ़ने को मिलती हैं जो कि किसी भी लिहाज से एक सभ्य समाज की पहचान नहीं हो सकती। अंतर्जातीय विवाह केवल सामाजिक सुधार का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये आर्थिक सुधार में भी सहायक होते हैं। जब दो विभिन्न जातियों के परिवार एक-दूसरे से विवाह करते हैं, तो उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। ये विवाह आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे परिवारों को नई सोच और अवसरों के साथ आर्थिक रूप से मजबूत बना सकते हैं। समाज में जब आर्थिक और सामाजिक सुधार होते हैं, तो इससे जातिवाद की शक्ति कम होती है। विभिन्न जातियों के लोग एक साथ मिलकर काम करते हैं, व्यापार करते हैं और एक-दूसरे से सीखते हैं। इस प्रकार, अंतर्जातीय विवाह समाज में आर्थिक समृद्धि और सामाजिक समानता को बढ़ावा देते हैं। भारत की अखंडता के लिए अंतर्जातीय विवाह अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। जब समाज में जातिवाद और सांप्रदायिकता जैसी समस्याएं खत्म होती हैं, तो देश की एकता मजबूत होती है।

अंतर्जातीय विवाह विभिन्न समुदायों के बीच भाईचारे और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं, जो भारत की विविधता में एकता का प्रतीक हैं। भारत में धर्म, जाति, भाषा और संस्कृति की विविधता के बावजूद, हमारी एकता और अखंडता को बनाए रखना आवश्यक है। अंतर्जातीय विवाह इस एकता को और भी मजबूत करते हैं क्योंकि वे जातीय और धार्मिक भेदों को मिटाकर एक साझा समाज की ओर बढने् में मदद करते हैं। अंतर्जातीय विवाह न केवल व्यक्तिगत जीवन में परिवर्तन लाता है, बल्कि यह समाज की सोच को भी बदलता है। यह जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ एक सशक्त कदम है और समाज में समरसता और एकता को बढ़ावा देता है। अंतर्जातीय विवाहों के माध्यम से समाज में सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सुधार होते हैं, जो अंततः देश की अखंडता और एकता के लिए आवश्यक हैं। अतः हमें अंतर्जातीय विवाहों को समर्थन देना चाहिए और इस दिशा में समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। यह जातिवाद के खिलाफ एक महत्त्वपूर्ण कदम है। हमें अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहित करना चाहिए और जातिवाद के खिलाफ लडना् चाहिए।

-रमेश धवाला, पूर्व मंत्री

राशिफल

पौष कृष्ण पक्ष अष्टमी | **(विक्रम संवत् 2081)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
शारीरिक स्थिति मध्यम रहेगी। शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। विरोधी थोड़े एक्टिव रहेंग।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
बच्चों के सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू,मैं-मैं से बचें। जो विद्यार्थीगण हैं, उनकी थोड़ी मानसिक स्थिति ऊपर-नीचे होगी।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
गृह-कला के संकेत हैं। भूमि और वाहन की खरीदारी में खलन पड़ सकती है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
नाक,कान और गला की परेशानी होगी। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान मध्यम और व्यापार आपका सही चल रहा है।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम, व्यापार अच्छा है।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
सिर दर्द,नेत्र पीड़ा और अज्ञात भय सताएगा। मन परेशान रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा और व्यापार भी अच्छा है।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
आमदनी के नए सोर्स बनेंगे। यात्रा का योग बनेगा। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। धन-धान्य से परिपूर्ण रहेंगे।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
कोर्ट-कचहरी में विजयी बनेंगे। राजनीतिक लाभ होगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
कोर्ट-कचहरी से बचें। स्वास्थ्य की स्थिति मध्यम, सीने में विकार संभव है।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
भाग्य पर भरोसा करके कोई कार्य प्रारंभ न करें। पूरा आकड़ा देख लें। यात्रा में कष्ट संभव है।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
बच्चों के सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू,मैं-मैं से बचें। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
स्वयं के स्वास्थ्य और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी-चाकरी की स्थिति मध्यम रहेगी।

भाजपा ने आयोजित की 'वीर बाल दिवस' संगोष्ठी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भाजपा जिला गौतमबुद्धनगर ने शीर्ष नेतृत्व के दिशानिर्देश पर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी की अध्यक्षता मे भाजपा जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर स्थित मे धर्मरक्षा मे सर्वोच्च बलिदान देने वाले हुए बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेहसिंह को याद करते हुए 'वीर बाल दिवस' मे संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया। जिसमे मुख्यातिथि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश युवा मोर्चा प्रभारी डॉक्टर अभिषेक टंडन रहे संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज ने किया संगोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुख्यातिथि रहे। डॉक्टर अभिषेक टंडन ने साहबजादो को याद करते हुए बताया कि गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की शहादत के उपलक्ष्य पर पूरे देश में वीर बाल दिवस देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 2022 से 21 दिसम्बर एक सप्ताह तक पूरे देश में बाल दिवस के रूप मनाया जा रहा है।

मुगल सम्राट औरंगजेब की सेना से लड़ते पूरा परिवार बलिदान हुआ गुरू गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों की याद में इस दिवस को मनाया जाता है। ज़ोरावर सिंह फ़तहे सिंह को मुग़लों ने दीवारों में जिंदा चिनवा दिया पर उन्होंने धर्म परिवर्तन नहीं किया मुगलों को अपनी ताकत का लोहा मनवा दिया लेकिन सिर नहीं झुकाया।

वहीं जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने संबोधित करते हुए बताया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस का कार्यक्रम जमीनी स्तर पर करवा कर राष्ट्रभक्ति, धर्मरक्षा की भावना को जगाने का प्रयास किया है गुरु गोविंद सिंह के भाईयों को आरे से चीर दिया ,जलते तेल मे तल दिया और पूरे परिवार को बलिदान किया उनका कर्ज हम कभी नही चुका सकते है और हम सभी कार्यकर्ता मंडल स्तर पर संगोष्ठी, प्रभातफेरी, और गुरुद्वारों मे जाकर शबद कीर्तन कर इस कार्यक्रम को कर रहे है और याद करते हुए साहेबजादो को श्रृद्धांजलि दे रहे है।

इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा सतेंद्र अवाना, जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक पवन नागर, सतेंद्र नागर, पवन रावल, जिला मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, रवि जिन्दल, वरिष्ठ नेता जगभूसण गर्ग, जिलामंत्री अमित शर्मा, गुरुदेव भाटी, राज नागर, कपिल गुर्जर, विमल पुंडीर, सुनील रावत, हरिदत्त शर्मा, इन्द्रजीत टाइगर, अशोक रावल, सतीश भाटी, सन्तराम भाटी, अनीता गौतम, महेश शर्मा, मुकेश चौहान, दिनेश भाटी, रजनी तोमर, उषा वत्स, धर्मेन्द्र भाटी, श्यामवीर भाटी, मनोज प्रधान, मनीष भाटी, संजय भाटी, गीता गौतम, अर्पणा सिंह, राजीव सिंघल, महेन्द्र प्रधान सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जिला शहर कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर के कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर के खिलाफ संसद में की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में आक्रोशित होकर जिला कलेक्ट्रेट सूरजपुर पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन प्रेषित किया। प्रदर्शन में जनपद कांग्रेस के अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

प्रदर्शन के दौरान अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह वाल्मीकि ने कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जमाने से ही इनकी मानसिकता दलित विरोधी रही है और यही आज इनकी सोच भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और नेता में दिखाई देती है जिसकी बानगी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा के अपने भाषण में दिखाई है। हम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता किसी भी हाल में संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान सहन नहीं करेंगे चाहे इसके लिए हमें कितनी बड़ी कुर्बानी क्यों ना देनी पड़े हम जेल जाने से नहीं डरते हैं और ना किसी भी प्रकार के दमन के सामने हम झुकेंगे।

प्रदर्शन के दौरान धर्म सिंह बाल्मीकि, महाराज सिंह नागर, दिनेश शर्मा, जितेंद्र चौधरी, निशा शर्मा, रिजवान चौधरी, ललित अवाना, मुकेश शर्मा, पवन शर्मा, उर्मिला चौधरी, बिन्नू नेताजी, कैलाश बंसल, सतपाल फौजी, गौतम सिंह, कैलाश बंसल, कल्पना सिंह, कपिल भाटी, धर्मेंद्र भाटी, किशन शर्मा, सचिन शर्मा, रघुराज शर्मा, अशोक पंडित, प्रदीप नागर, गौरव नागर, डॉ0 रतनलाल, बिन्नू नेता, सचिन भाटी, लोकेश भाटी, अमित जाटव, मांगेराम जाटव, रघुवीर हवलदार, धीरा सिंह, रमेश प्रधान सैनी, मुन्ना लाल, चरणदास थापखेड़ा, दुर्गेश सिंह, राजवीर सिंह, सुमन लता बेनीवाल, गुड़िया, अमित जाटव, सुरेंद्र जिनवाल, राजेंद्र बेनीवाल, मदन सिंह, सचिन भाटी, जितेन्द्र शर्मा, रोहित बेनीवाल, सुभाष पहलवान, रमेश भाई, कुंवरपाल, आदेश कुमार, आर0के0 प्रथम, कर्मवीर भाटी, सीमा रानी, वीरेंद्र सिंह हवलदार, दयानंद भाटी, रामकुमार शर्मा, राजदीप कसाना आदि लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस से वायनाड की सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी से दिल्ली स्थित 10 जनपथ पर मुलाकात करते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला।

रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा ने लगाए गीजर

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। रोटरी क्लब सदस्य सीए मयंक गर्ग ने बताया बड़ती हुई ठंड में जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में बंदियों के लिए गर्म पानी के लिए गीजर की आवश्यकता थी। उसे ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा द्वारा 3 इलेक्ट्रिक गीजर जिला कारागार गौतमबुद्धनगर को दिये गये। इस नेक कार्य के लिए जेल अधीक्षक बृजेश सिंह व जेलर संजय शाही ने क्लब के सभी सदस्यों को धन्यवाद कहा। इस अवसर पर मुकुल गोयल, कपिल गुप्ता, मोहित बंसल, मनु जिंदल, मयंक गर्ग आदि सदस्य उपस्थित रहे।

बाजरपुर टीम को हराकर कुलीपुरा टीम ने ट्रॉफी जीती

बिलासपुर। आरएस क्रिकेट ग्राउंड में चल रही क्रिकेट सीरीज मैच में कुलीपुरा की टीम ने बाजरपुर टीम को 1 रन से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच में कुलीपुरा टीम ने पहले बल्लेबाजी कर के 209 रन बनाये।

बाजरपुर टीम ने 20 ओवर में 207 रन बनाये। इस सीरीज में कुलीपुरा टीम के 51000 रूपये की धनराशि तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टीम प्रबन्धक के रूप में महाश्य जयवीर भाटी, नरेन्द्र भाटी, मोहित भाटी, प्रिन्स भाटी, ओमन मुखिया, आकाश भाटी, राकेश भाटी, अंकित भाटी, रोहित भाटी, सभी का विशेष सहयोग रहा।

किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा के दादरी तहसील अध्यक्ष बने राजकुमार (रूपबास)

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा की मासिक बैठक कैंप कार्यालय ग्रेटर नोएडा में हुई जिसकी अध्यक्षता श्याम लाल नागर एवं संचालन राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने किया मासिक बैठक में गौतमबुद्धनगर में मौजूदा आंदोलन के हालात पर गंभीरता से चर्चा हुई सभी वक्ताओं ने किसानों और किसान नेताओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा की।

इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान ने कहा कि सरकार किसान आन्दोलन को कुचलना चाहती है। अंग्रेजों की नीति पर जिला प्रशासन चल रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा एकजुट है संगठन के सभी कार्यकर्ता 23 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय आव्हान पर सभी संगठन के कार्यकर्ता अलर्ट मोड़ पर है शासन प्रशासन को किसानों की 10 प्रतिशत विकसित भूखंड एवं भूमि अधिग्रहण क़ानून 2013 को लागू करना ही होगा जेल से डराकर प्रशासन ये न सोचें कि इस आंदोलन को ख़त्म कर दिया गया है। अपने हक़ और अधिकार के लिए हमेशा लड़ेंगे। संवैधानिक तरीक़े से लड़ेंगे और वार्ता के माध्यम मुद्दों को हॉल कराना प्रशासन की नीति में होना चाहिए इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश भाटी ने कहा कि आज भारतीय किसान यूनियन अंबावता के सैकड़ों कार्यकर्ता संगठन को छोड़कर किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा में शामिल हुए हैं। जिसमें मुख्य रूप से राजकुमार रूप बॉस को तहसील अध्यक्ष दादरी अरुण प्रधान को जिलाध्यक्ष हापुड़ ऋषि पाल को तहसील संगठन मंत्री दादरी अमित मुखिया को तहसील उपाध्यक्ष रोहित कसाना नगर उपाध्यक्ष,अनिल को तहसील सचिव राहुल पंडित को युवा जिला प्रभारी किशन पाल को जिला सचिव हापुड़ विनोद नागर को जिला उपाध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर सहित दर्जनों पदाधिकारियों को संगठन में मनोनीत किया गया है।

संगठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोकेश भाटी ने कहा कि सरकार को 23 दिसंबर तक का अल्टीमेटम संयुक्त किसान मोर्चा ने दे रखा है। 23 दिसंबर तक अगर आंदोलनकारी किसान लोगों को रिहा नहीं किया गया तो संयुक्त किसान मोर्चा बड़ा निर्णय लेगा जिसकी ज़िम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौक़े पर प्रताप नागर बाल किशन नागर राजकुमार सिंह राजेंद्र प्रसाद रामनिवास नागर जितेंद्र गुज़र हरिंदर नागर लीलू भगत ज्योति भडाना विधू गोस्वामी पूनम भाटी विनोद मलिक गोलू तवर कपिल कसाना भारत नागर नरेंद्र भाटी आशु अटटा राशिद ज़ेवर सौरव यादव नितिन जाटव राहुल दादरी धनंजय कसाना संटी ठेकेदार आदेश प्रधान संदीप चदीला सुभम चेची विपिन कसाना मोहित भाटी निशु बसल अनिश त्यागी धनजय कसाना सहित आदि लोग मौजूद रहे।

अंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में सपा का जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में समाजवादी पार्टी ने जिला कलेक्ट्रेट पर जबरदस्त प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा और अमित शाह को भारत के गृह मंत्री पद से हटाने की मांग की।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भारत की संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत के संविधान निर्माता, दलित पिछड़ों और वंचितों के मसीहा भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर पर की अपमानजनक टिप्पणी से पूरे देश के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। यह भाजपा की दलित-विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। भाजपा की नीति हमेशा से ही दलित, पिछड़ो के अपमान करने की रही है। उन्होंने कहा कि इस कृत्य के लिए गृहमंत्री अमित शाह को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए और गृहमंत्री पद से तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

इस मौके पर मुख्य रूप से बीरसिंह यादव, फकीर चंद नागर, महेन्द्र नागर, इन्दर प्रधान, दीपक देवटा, हुकुम सिंह भारती, गजराज नागर, राहुल अवाना, अकबर खान, कृशान्त भाटी, सुधीर तोमर, हरवीर प्रधान, सुरेन्द्र नागर, महेन्द्र यादव, लाल सिंह गौतम, औरंगजेब अली, प्रवीण भाटी, राकेश गौतम, अजय चौधरी, मुकेश सिसौदिया, राहुल आर्यन, उपदेश नागर, अवनीश भाटी, जुगती सिंह, विकास भनौता, नवीन भाटी, रोहित मत्ते गुर्जर, अनिल प्रजापति, विपिन सेन, शशि यादव, विकास जतन, दीपक नागर, विनोद लोहिया, रविन्द्र यादव, सुभाष भाटी, मोहित यादव, सीपी सोलंकी, कुलदीप भाटी, गजेंद्र यादव, सुमित भारती, देवेंद्र भाटी, विक्रम टाइगर, अनीस अहमद, मुरारी लाल गौतम, हारून सैफी, विपिन नागर, जगत खारी, विपिन कसाना, अनिल नागर, योगेश गौतम, वीरपाल नागर, यशपाल भाटी, संजीव नागर, रिजवान हैदर, डॉ इमरान खान, शाहरुख चौधरी, महेश जाटव, राशिद सिद्दकी, जगदीश सेन, वकील सिद्दकी, उपेंद्र यादव, सनी प्रजापति, अंजलि श्रीवास्तव, दिशू भारद्वाज, मांगेराम गौतम, दिनेश बाल्मीकि, जयप्रकाश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

Name Change

This is to inform you that, I PRADEEP KUMAR S/O LAL GUPTA, have changed my name to PRADEEP KUMAR GUPTA S/O CHIMMAN LAL GUPTA. My Correct Date of Birth is 08/04/1963. Going forward, I will be known on the name of PRADEEP KUMAR GUPTA S/O CHIMMAN LAL GUPTA.

सूचना

सर्व साधारणको सूचित किया जाता है कि मैं राधेश्याम शर्मा पुत्र बृजमोहन शर्मा निवासी- ग्राम ऊंचाअमीरपुर, तहसील दादरी, जिला- गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरी पत्नी का आधार कार्ड में नाम सुनीता जन्मतिथि 08.06 1974 दर्ज है जो सही है। कुछ कागजातों में मेरी पत्नी की जन्म तिथि 01.01 1972 दर्ज हो गई है । जिस बाबत मैं शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं । अगर उक्त नाम व जन्मतिथि के बाबत कोई आपत्ति उत्पन्न होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मुझ शपथ कर्ता की होगी। सुनीता और सुनीता देवी दोनों एक ही महिला के नाम है। भविष्य में सुनीता पत्नी राधेश्याम शर्मा के नाम से जाना जाए। जन्मतिथि आधार कार्ड के अनुसार 08.06.1974 दर्ज की जाए।

आसिफ़ उस्मानी समेत पांच को बुद्धिसेन शर्मा अवार्ड

26 को बुद्धिसेन शर्मा की जयंती पर होगा आयोजन



प्रयागराज। साहित्यिक संस्था 'गुफ़्तगू' की तरफ से 26 दिसंबर को बुद्धिसेन शर्मा की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सिविल लांइस स्थित एंग्लों बंगली इंटर कॉलेज में लगे पुस्तक मेले में सम्मान समारोह और मुशायरा होगा। आसिफ़ उस्मानी (प्रयागराज),डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी 'राही'(भदोही), सरिता सिंह (गोरखपुर), अजीत शर्मा 'आकाश' (प्रयागराज) और अफ़सर जमाल (प्रयागराज) को बुद्धिसेन शर्मा अवार्ड प्रदान किया जाएगा।

समाज में सकारात्मक परिवर्तन को दिशा देता है साहित्यकार: सोहन लाल

मिर्ज़ापुर। आचार्य रामचंद्र शुक्ल शिक्षण संस्थान व हिंदी श्री साहित्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह व पुस्तक लोकार्पण का आयोजन रविवार को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल विद्यालय, रमईपट्टी में हुआ। मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का प्रारंभ किया। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अनुज प्रताप सिंह ने किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में अखिल भारतीय साहित्य परिसद के अध्यक्ष राजपति ओझा और जुबिली इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्र तिवारी,आचार्य रामचन्द्र शुक्ल स्मारक विद्यालय के प्रबंधक राकेश चंद्र शुक्ल उपस्थित रहे। डॉ. अनुज प्रताप सिंह को साहित्यिक आलोचना व समीक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य के लिए आचार्य रामचंद्र शुक्ल सम्मान 2024 प्रदान किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार भोलानाथ कुशवाहा के एकांकी संग्रह लोकल वोकल का लोकार्पण मंचासीन अतिथियों ने किया।

मुख्य अतिथि सोहनलाल श्रीमाली ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्यकार समाज में सकारात्मक परिवर्तन को दिशा देता है। डॉ अनुज प्रताप सिंह ने आचार्य शुक्ल के साहित्यिक योगदान और भोलानाथ कुशवाहा के एकांकी लोकल वोकल पर विस्तार से चर्चा किया।

कार्यक्रम का संचालन आनंद अमित ने किया आचार्य राम चंद्र शुक्ल विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

काव्यपाठ के क्रम में सृष्टि राज, हौसला प्रसाद मिश्र, गुमनाम मिर्जापुरी, नंदलाल सिंह चंचल, इरफान कुरैशी, मुहिब मिर्जापुरी, केदार नाथ सविता, नंदिनी वर्मा, प्रमोद गुप्ता, अमरनाथ सिंह, आनंद देवा, शिवप्रसाद द्विवेदी, अताउल्लाह सिद्दीक ने अपनी रचनाएँ सुनाईं। हिंदी श्री के कार्यक्रम संयोजक रमेश प्रजापति और आनंद केसरी ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। काव्यपाठ करने वाले व सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले बच्चों को हिंदी श्री की संस्थापिका सावित्री कुमारी ने सहभागिता सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में रवि प्रजापति, प्रतिभा, शक्ति श्रीवास्तव, अर्चना, आशीष शुक्ल, कल्पना गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

किसानों को किया सम्मानित

दादरी (चेतना मंच)। सामाजिक संगठन के द्वारा राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर किसानों के हितों की लड़ाई लड़ने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया उम्मीद संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर और महासचिव जागेश कुमार ने कहा कि किसानों के अथक प्रयासों से ही हमारा देश सशक्त और समृद्ध बनता है। अन्नदाता हमारे राष्ट्र की रीढ़ हैं, उनका योगदान अद्वितीय और अतुलनीय है।

दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपवास ने बताया कि किसानों के मसीहा हितेषी लाल बहादुर शास्त्री जिन्होंने जय जवान जय किसान का नारा लगाया था आज भी किसान उनको याद करते हैं चौधरी चरण सिंह और बाबा महेंद्र सिंह टिकैत अन्नदाताओं के सच्चे हमदर्द थे, जिन्होंने किसानों के अधिकारों और उनकी बेहतरी के लिए अपनावन समर्पित किया। उन्हीं के जन्मदिवस के अवसर पर हर वर्ष राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है, जो हमें किसानों के महत्व और उनकी समस्याओं को समझने का अवसर प्रदान करता है।

इस मौके पर किसान नेता राजकुमार रूपबास, मास्टर ब्रह्म सिंह,जागेश कुमार, मनोज भाटी,अशोक भाटी, ललित भाटी, रोहित, कपिल, आशु अमित मुखिया योगेश जगेश उपस्थित रहे।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

डॉ. किरण बेदी के साथ एम्पावरहर में महिलाओं को सम्मानित किया

नई दिल्ली। एम्पावरहर अवॉर्ड्स 2024 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई महिलाओं को सम्मानि किया। मुख्य अतिथि डॉ. किरण बेदी ने सभी विजेताओं की सराहना की और उन्हें बदलाव की प्रेरणा बनते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

एम्पावरहर अवॉर्ड्स ने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण महिलाओं को सम्मानित किया, जिनमें शामिल हैं सिजी वर्गीज लीडर्स इन लिपस्टिक, स्वाति लकड़ा डाइरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, तेलंगाना, दीपिका मलिक संस्थापक आँचल की छांव एनजीओ, डॉ. हिमानी अवस्थी निदेशक और विभागाध्यक्ष, डब्लूसीटीएम गुरुग्राम, पूनम कालरा लोकप्रिय यूट्यूबर, कैप्टन आशा शिंदे अलागप्पा बोर्ड मेंबर और उद्यमिता कोच, हाजरा बानो लेखिका और ब्लॉगर, राधिका अग्रवाल वीपी कॉर्पोरेट रिलेशंस, जीएलए यूनिवर्सिटी, सोनाली बंसल वर्ष की उद्यमी, रचिता शर्मा सीईओ, गर्ल पावर टॉक, सुप्रिया बदवे एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, बेलराइज इंडस्ट्रीज, कैप्टन कंवल दीप कौर पायलट एयर इंडिया, सलोनी अरोड़ा सीईओ मायफेमिली ब्रांड और प्रमाणित डाइटीशियन, शगुफ्ता नसरीन प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट, अंशु राजपूत एसिड अटैक सर्वाइवर और चाँव फाउंडेशन की लीड कैम्पेनर, मंजू बजाज प्रिंसिपल रूप कृष्णा स्कूल।

उद्योग से जुड़े उद्योगपयितों को कपड़ा मंत्री ने किया पुरस्कृत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन को भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश राज्य के द्वारा समर्थित किया गया था।

कपड़ा मंत्रालय में अपर सचिव रोहित कंसल ने कपड़ा और हथकरघा विभाग के प्रधान सचिव आलोक कुमार की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कपड़ा क्षेत्र में एक मजबूत मानव संसाधन ढांचे की आवश्यकता पर जोर देते हुए दिन के लिए टोन सेट किया। उनकी उपस्थिति ने इस महत्वपूर्ण उद्योग के भीतर मानव संसाधन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को

रेखांकित किया।

कार्यक्रम के आयोजक यूनिफाइड नॉलेज सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कुमार अभिषेक ने कहा कि टीबीडी टेक्सटाइल कनेक्ट के लिए वस्त्र और परिधान उद्योग के प्रतिभाशाली लोगों को एक साथ लाने के लिए हम रोमांचित हैं।

कार्यक्रम का दूसरा भाग TBD पुरस्कारों को समर्पित था, जिसने मानव संसाधन प्रबंधन में अनुकरणीय कार्य करने वाले संगठनों और व्यक्तियों को सम्मानित किया। पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने की, जिन्होंने विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और मानव संसाधन उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया।

उधार के पैसे मांगना पड़ा भारी, घर में घुसकर पीटा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। उधार दिए गए पैसों को वापस मांगना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। पैसे लौटाने के बहाने आरोपी ने घर के बाहर बुलाकर मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है।

जेवर के ग्राम नीमका निवासी सुनील कुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसने अपने पड़ोसी सूखा को कुछ पैसे उधार दिए थे। वह जब भी उससे पैसे वापस मांगता तो सूखा टाल मटोल करता था। 20 दिसंबर को उसने पैसे देने के बहाने उसे अपने घर के पास चौक में बुलाया। जब वह चौक पर पहुंचा तो वहां लोकेश, नरेश व सूखा पहले से ही मौजूद थे। तीनों आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान सूखा ने कहा कि वह पैसे का बहुत तगादा करता है आज वह उसे जान से मारकर उसका पूरा हिसाब ही कर देगा। मारपीट होता देखकर मौके पर कुछ लोग इकट्ठा हो गए इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक मारपीट में उसे काफी चोटें आई हैं। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

पड़ोसी युवती को भगा ले गया

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में रहने वाला एक युवक पड़ोस में रहने वाली युवती को भगाकर ले गया। युवती के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सर्फाबाद गांव में किराए पर रहने वाले धीरेंद्र (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 22 दिसंबर की सुबह उसकी बहन को पड़ोस में रहने वाला मनीष भगाकर ले गया। उसने अपनी बहन की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक व युवती की तलाश की जा रही है।

पांच शातिर बदमाश गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।

थाना दादरी पुलिस ने पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा, कारतूस, तीन चाकू, हाइड्रोलिक कटर, 12 हजार रूपये बरामद हुए हैं। पकड़े गए बदमाशों ने चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। अग्रसेन इंटर कॉलेज के सामने रेलवे रोड पर पुलिस को पांच लोग आते दिखाई दिए। पुलिस टीम को देखकर पांचो व्यक्ति सकपकाकर तेज कदमों से इंटर कॉलेज की तरफ चल दिए। संदेह के आधार पर पुलिस ने जब इन्हें रुकने को कहा तो यह भागने लगे। पुलिस टीम ने पांचों को मौके पर दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा, कारतूस, चाकू, हाइड्रोलिक कटर व नगदी बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम जाकिर उर्फ बौना, दिलशाद उर्फ भूरा, शादाब, मोनू उर्फ मोनी तथा फुरकान उर्फ काला बताया।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अगस्त महीने में तुलसी विहार कॉलोनी में लगे टावर से दो आरआरयू, मोबाइल फोन, गुप्ता कॉलोनी जीटी रोड पर खड़ी कार से बैटरी, गढ़ी गांव में लगे टावर से बैटरी चोरी तथा जारचा रोड पर लगे ट्रांसफार्मर से तांबे की क्वॉयल व तेल चोरी करने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि चोरी किए गए सामान को उन्होंने दिल्ली के चांदनी चौक में राह चलते लोगों को बेच दिया था। पकड़े गए आरोपियों ने चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

प्रिंट रेट से अधिक वसूलने पर सेल्समैन को रंगे हाथों पकड़ा

नोएडा (चेतना मंच)। आबकारी विभाग की टीम ने निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे वसूल रहे शराब ठेके के सेल्समैन को रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़े गए सेल्समैन के खिलाफ थाना सेक्टर-63 में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

सर्किल-4 के आबकारी निरीक्षक अभिनव शाही ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने बहलोलपुर स्थित शराब की दुकान पर गोपनीय तरीके से एक ग्राहक शराब खरीदने के लिए भेजा। उनके द्वारा भेजे गए व्यक्ति ने शराब की बोतल खरीदी जिस पर सेल्समैन ने 10 रुपए अधिक ले लिए। इसके बाद आबकारी विभाग की टीम ने सेल्समैन अजय को दबोच लिया। 10 रूपये अधिक लेने के बारे में पूछे जाने पर उसने बताया कि अपने निजी फायदे के लिए वह ग्राहकों से ज्यादा पैसे ले रहा है। आबकारी निरीक्षक अभिनव शाही ने ठेके के सेल्समैन को थाना सेक्टर-63 पुलिस के हवाले कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

इफको ने आयोजित किया फैशन शो

प्रयागराज (ब्यूरो)। फूलपुर (घियानगर) किसान दिवस के उपलक्ष्य में इफको द्वारा किसान फैशन शो का आयोजन सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया गया जिसमें घियानगर के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय को ट्रॉफी दिया गया एवं दस बच्चों को मेडल दिया गया एवं सभी बच्चों को सर्टिफिकेट टाइम्स ऑफ इंडिया की तरफ से दिया गया तत्पश्चात इफको रिक्रिएशन क्लब द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विनर बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया, उन सभी बच्चों को पार्टिसिपेशन अवॉर्ड दिया गया ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया एवं विनीता कुदेशिया शामिल हुए एवं ऑफिसर संघ के महामंत्री स्वयं प्रकाश, अध्यक्ष अनुराग तिवारी शामिल हुए। इंप्लाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पांडेय, महामंत्री विजय कुमार ,मानव संसाधन प्रमुख शम्भू शेखर, अजय कुमार मिश्र एवं घियानगर की समस्त महिलाएं, कर्मचारियों एवं प्यारे प्यारे बच्चों एवं पूरी क्लब कमेटी ओर मीडिया से आए हुए पत्रकारों ने में सहभागिता दिखाई।

इस कार्यक्रम का संचालन क्लब सचिव डीके शुक्ल ने किया एवं फैशन शो का संचालन टाइम्स ऑफ इंडिया के मैनेजर अमित श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में सरिता सिंह तथा नुपुर परासर सिंह शामिल रहीं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कलुवा पुत्र सिद्दीक निवासी - मकान नंबर- 139 ग्राम सलेमपुर गुर्जर, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कलुवा दर्ज है। वही मेरे एलआईसी पॉलिसी में मेरा नाम आजाद दर्ज है। कलुवा व आजाद दोनों मेरे ही नाम है । भविष्य में मुझे किसी भी काम के लिए इन्ही नामों से जाना जाए ।

निजी फोटो व वीडियो किया वायरल, मामला दर्ज

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बीटा-2 में एक व्यक्ति ने कुछ लोगों के खिलाफ उसके निजी फोटो व वीडियो वायरल करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि निजी फोटो व वीडियो को वायरल करने के साथ-साथ उसे ब्लैकमेल भी किया जा रहा है। थाना क्षेत्र के एक सेक्टर में रहने वाली कोमल (काल्पनिक नाम) ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह 29 अगस्त को अपने दोस्तों के साथ मथुरा-वृंदावन घूमने के लिए गई थी। यहां मयंक अग्रवाल ने उसका मोबाइल फोन लेकर उसके प्राइवेट फोटो व वीडियो सुना तथा सचिन के मोबाइल फोन पर सेंड कर दिए। तीनों आरोपियों ने उसकी फोटो में वीडियो कई जगह वायरल कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि उसने तीनों आरोपियों के मोबाइल फोन ब्लॉक कर दिए। इसके बाद यह नए-नए नंबरों से उसे धमकी देने के साथ-साथ गाली गलौज कर रहे हैं। इसके अलावा उस पर मिलने के लिए भी दबाव बनाया गया। उसके द्वारा मिलने से इनकार करने पर आरोपियों ने उसके फोटो वायरल कर उसे बदनाम कर दिया। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

मूक बाधिर बच्चों को स्वेटर बांटे

प्रयागराज (ब्यूरो)। इफको महिला चेतना क्लब ने मूक बाधिर विद्यालय जार्ज टाउन, प्रयागराज में मूक बाधिर बच्चों को स्वेटर वितरित किया। इसके अतिरिक्त कुष्ठ आश्रम, करेली के वृद्ध तथा महिलाओं को स्वेटर, कम्बल, शाल, चावल आदि वितरित किया गया।

इफको महिला चेतना क्लब प्रतिवर्ष गरीब, बेसहारा व जरूरतमंदो की सहायता करती है। महिला चेतना क्लब की अध्यक्षा विनीता कुदेशिया ने कहा कि मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म यही है कि जरूरतमंदों की सहायता करना। उन्होंने प्रतिबद्धता जताया कि महिला चेतना क्लब आगे भी लोक कल्याण कार्यों में हमेशा अपनी सहभागिता दर्ज करायेगा। इस दौरान सरिता सिंह, अल्का गुप्ता, पूनम शर्मा, अमीता पाण्डेय, अनामिका मिश्रा व ममता राज सिंह उपस्थित रही।

पृष्ठ एक के शेष....

मुठभेड़ में तीन...

कॉलेज के इमरजेंसी वॉर्ड में पहुंच गए। उन्होंने तीनों आतंकियों को मृत घोषित कर दिया।

एसपी अविनाश पांडेय के अनुसार मृतक आतंकियों के प्राप्त दस्तावेजों से उनकी पहचान की गई। उनके नाम गुरविंदर सिंह, वीरेंदर सिंह व जसनप्रीत सिंह हैं। ये तीनों गुरुदासपुर जिले के ही रहने वाले थे। बरामद बाइक को एक दिन पहले ही पूरनपुर से चोरी किया गया था। इससे स्पष्ट होता है कि तीनों आतंकी इससे पहले ही पंजाब से यहां आकर कहीं छिप चुके थे।

एसपी ने बताया कि विभिन्न पहलुओं के बारे में गहनता से छानबीन की जा रही है। आतंकियों की गोली से घायल दोनों सिपाहियों का उपचार चल रहा है। चिकित्सकों ने दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई है।

किसानों के लिए प्रदेश...

सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने साढ़े सात वर्ष में 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा दी। 14 लाख निजी नलकूपों को प्रदेश सरकार द्वारा फ्री में विद्युत उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके एवज में दो से ढाई हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष सरकार अपने पास से पैसा दे रही है। पहले से लगे ट्यूबवेल को सोलर पैनल से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकें, इसके लिए भी केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से कई पहल की गई है।

दो अंतरर्राज्यीय चोर...

इसके अलावा उन्होंने मामूरा गांव की गली नंबर 7 में भी नगदी व जेवराज चोरी करने की घटना की थी। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी बड़े शातिराना तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। दोनों बदमाशों के आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है।

करंट लगने से...

तो उसका पैर फिसल गया और बाल्टी का पानी फर्श पर फैल गया जिस कारण करंट लगने से राजीव यादव घायल हो गया। परिजनों ने गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए शारदा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

'एनटीबीसीएल को आवंटित...

लगातार वहां पर डटे रहे तथा उनकी पुलिस द्वारा गिरफ्तारी भी हुई, उन सभी को बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने उन सभी साथियों का अपने आवास पर सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से जनहित मोर्चा के नोएडा अध्यक्ष अनिल गुप्ता,ग्रेटर नोएडा के अध्यक्ष राजे कसाना, मीडिया प्रभारी अमित त्यागी, मनोज कटारिया, साकेत शर्मा, सुनील भाटी, वेद प्रकाश, निखिल भाटी, सुनील चावड़ा, तपसी भाटी, विजय नागर, अंशुल भाटी, हैप्पी पंडित, ठाकुर धर्मेंद्र , पंकज रोसा, प्रदीप बोहरा, मनीष गुप्ता, एसपी गुप्ता, संजय भाटी, वीरेंद्र रावत आदि मौजूद थे।

77 लाख में एपीजे स्कूल...

यहां करीब 30 प्रतिशत काम हो चुका है। इस बीच डीसीपी ट्रैफिक लखन यादव ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से मिलकर फिल्म सिटी रास्ते पर और बेहतर व्यवस्था बनाने को लेकर सुझाव दिए। डीसीपी ने प्राधिकरण अधिकारियों को बताया कि सड़क चौड़ीकरण सिर्फ 300 मीटर हिस्से में न कर फिल्म सिटी फ्लाईओवर के पास सेक्टर-18 तक की तरफ मुड़ने वाले रास्ते तक किया जाए। इससे आगे दलित प्रेरणास्थल के सामने नाले के पास से लेकर महामामाया फ्लाईओवर के नीचे तक ही कुछ हिस्से में ट्रैफिक प्रभावित होता है। ऐसे में इस हिस्से को छोड़ दिया जाए तो चिल्ला बॉर्डर से नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे तक जाने वाले रास्ते पर जाम में कुछ कमी आएगी।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने डीसीपी के सुझाव को लागू करने के निर्देश सिविल विभाग को दिए। ऐसे में करीब 800 मीटर हिस्से में सड़क चौड़ी की जाएगी। इस पूरे काम पर अब करीब 77 लाख रुपये का खर्च आएगा। पहले 53 लाख रुपये का खर्च आना प्रस्तावित था। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि बढ़ते प्रदूषण स्तर की वजह से ग्रैप-4 लागू है। इस वजह से काम बंद पड़ा है। काम शुरू होने पर पूरा होने में करीब एक महीने का समय लगेगा।

मारपीट में पति व...

को उसके साथ हो रही मारपीट की जानकारी दी। कुछ देर बाद उसके पिता मौके पर पहुंचे और विकास से उसे छुड़ाने का प्रयास किया। विकास ने उसके पिता के साथ भी मारपीट की।

शोर-शराबा सुनकर उसका पति लोहे की रॉड को फेंक कर फरार हो गया। पीड़िता के मुताबिक उसकी सास उसके पति को भड़काकर उसके साथ मारपीट कराती है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गृहमंत्री की टिप्पणी पर...

इस मौके पर दलित उत्थान महासभा के संस्थापक हरपाल सिंह, संरक्षक सुरेंद्र सिंह, अध्यक्ष राजकुमार भारती, महासचिव लाल सिंह गौतम, उपाध्यक्ष हरपाल, उपाध्यक्ष एडवोकेट धर्मपाल, सुंदर पाल, महासचिव निरंजन सिंह, महासचिव सुनील धीगान, नरेश चौधरी, रेश गौतम, महेश, बाबू सिंह, राजेंद्र ठेकेदार, आरके प्रथम,आनंद जाटव, संजय, बबली कुमार, प्रभु, सत्यपाल सिंह, शिवानी गौतम, रुचि गौतम, बीरो देवी एवं रंजीत समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

मोहाली की जमींदोज इमारत में फंसे हैं कई लोग, अब तक 2 शव बरामद

एजेंसी

चंडीगढ़ । पंजाब के मोहाली जिले में सोहाना इलाके में शनिवार को बेसमेंट की खुदाई के दौरान तीन मंजिला इमारत ढह गई। इस वारदात में अभी भी कई लोग फंसे होने की संभावना है। अब तक रेस्क्यू अभियान जारी है ताकि सभी को बचाया जा सके। अभी तक दो शव भी बरामद किए गए हैं। मोहाली जिले के पुलिस अधिकारी ने बताया कि नेशनल डिसास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ), सेना और नागरिक प्रशासन सभी मिलकर बचाव अभियान में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग के मालिकों के

खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, हालांकि वे फरार हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई लेने में जुटे हैं और बिल्डिंग को खाली करने का काम जारी है। बिल्डिंग से एक महिला को बाहर निकाला गया है, लेकिन उसकी हालत की स्थिति की सही जानकारी नहीं है। बचाव कार्य के तहत कई उत्खनन मशीनों को मलबा हटाने में लगाया जा रहा है। मोहाली के एसएसपी ने बताया कि ऑपरेशन जारी है और जाँच के लिए टीमें मौके पर हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस घटना पर एक ट्वीट करके एक दुखद तस्वीर शेयर की है। उन्होंने प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और जनहानि के खिलाफ कार्रवाई का भी आश्वासन दिया है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि बचाव कार्य में विभिन्न एजेंसियों की मदद ली जा रही है। इस हादसे के मामले में कारणों की जांच शुरू की जा रही है ताकि इस त्रासदी के पीछे की सच्चाई सामने आ सके।

खास खबर

अनियंत्रित बस ट्रक से टकराई, 37 की मौत

साओ पाउलो। दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के राज्य मिनास गेरैस में एक बस और ट्रक की टक्कर में 37 लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर अग्निशमन विभाग पहुंच गया। इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है कई की हालत गंभीर है। मीडिया रिपोर्ट में अग्निशमन विभाग ने बताया कि बस साओ पाउलो से रवाना हुई और इसमें 45 यात्री सवार थे। टायर फटने से बस अनियंत्रित हो गई और एक ट्रक से टकरा गई। बचाव दल के कर्मी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए और राहत एवं बचाव अभियान चलाया। कई घायलों को भर्ती कराया गया है।

हरिद्वार में नहीं मिली धर्म संसद करने की अनुमति

हरिद्वार। हरिद्वार में धर्म संसद के आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के बाद अब प्रयागराज कुंभ में धर्म संसद करने की योजना बनाई गई है। इसको लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने सनातन धर्म के लिए इस संघर्ष में साथ देने की बात कही है। बता दें कि 19 से 21 दिसंबर तक हरिद्वार के जूना अखाड़े में धर्म संसद लगाने के लिए प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने पर स्वामी यति नरसिंहानंद ने पुलिस और प्रशासन पर कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अधिकारियों ने उन्हें धमकाया और धर्म संसद आयोजित करने में बाधा डाली। इसके बाद स्वामी ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की थी। धर्म संसद के आयोजन के लिए हरिद्वार में प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने के बाद स्वामी यति नरसिंहानंद ने अब प्रयागराज कुंभ में धर्म संसद आयोजित करने का ऐलान किया है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के उत्पीड़न को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने की भी अपील की। यति नरसिंहानंद ने ये भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने धर्म संसद की अनुमति में कोई हस्तक्षेप नहीं किया बल्कि ये अनुमति पुलिस प्रशासन ने नहीं दी।

दो बाघ के बदले वन विहार भोपाल को मिले दो शेर

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान को दो बाघों के बदले गुजरात से दो एशियाई शेर मिले हैं। वन विभाग के अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पशु आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत शेर और शेरनी गुजरात के जूनागढ़ के सक्करबाग प्राणी उद्यान से भोपाल लाए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि दोनों शेरों की उम्र करीब तीन साल है। उन्हें वन विहार में देखभाल और चिकित्सा जांच के लिए अलग बाड़े में रखा गया है। वर्तमान में वन विहार में दो शेर और तीन शेरनी हैं। उन्होंने बताया कि शेरों के जोड़े के बदले में छह साल की उम्र का एक बाघ और बाघिन को वन विहार से जूनागढ़ चिड़ियाघर को दिया गया है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से अदान-प्रदान योजना के तहत अनुमति मिलने के बाद 17 दिसंबर को वन विहार से एक बाघ और बाघिन को लेकर नौ सदस्यीय टीम जूनागढ़ गई थी। वन विहार भोपाल में बड़ी झील के किनारे स्थित है।

असम में बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई में 416 लोग गिरफ्तार

एजेंसी

त्रिपुरा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि राज्य में बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई में 416 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 335 मामले दर्ज किए गए हैं। गिरफ्तार लोगों को अदालत में पेश किया। सीएम सरमा ने एक्स पर लिखा- असम बाल विवाह के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखा है। तीसरे चरण के अभियान में 416 गिरफ्तारियां की गईं और 335 मामले दर्ज किए गए है। हम इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए साहसिक कदम उठाते रहेंगे। असम सरकार ने 2023 में फरवरी और अक्टूबर में दो चरणों में बाल विवाह के खिलाफ अभियान शुरू किया था। फरवरी में पहले चरण में 3,483 लोगों को गिरफ्तार किया था और 4,515 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि अक्टूबर में दूसरे चरण में 915 लोगों को गिरफ्तार किया और 710 मामले दर्ज किए गए।

उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड जारी, कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली, यूपी समेत उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आने वाले दिनों में गलन वाली ठंड पड़ेगी। आंधी-तूफान और बारिश से 9 राज्यों में असर, 12 राज्यों में शीतलहर-कोहरे का अलर्ट देशभर में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। कहीं माइनस में तापमान गिर गया है तो कहीं शीतलहर से लोग कांप रहे हैं। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में हाल ही में लैंडस्लाइड (भूस्खलन) हुआ जिससे नेशनल हाईवे ब्लॉक हो गया। यूपी में 26 से 28 दिसंबर के बीच बारिश होगी तो वहीं दिल्ली में 23 दिसंबर को हल्की बारिश की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा, 26 और 27 को भी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने बताया है कि 27 और 28 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी यूपी,

राजस्थान, मध्य प्रदेश में बारिश और आंधी तूफान की आशंका है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में में तापमान 0 डिग्री के नीचे बना हुआ है। हिमाचल में आज बर्फबारी का भी अलर्ट जारी किया गया है। इससे तापमान में और भी ज्यादा गिरावट हो सकती है। पंजाब-हरियाणा में भी शीतलहर के कारण तापमान में गिरावट दर्ज हुई। चंडीगढ़ में तापमान 0.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पंजाब के आदमपुर इलाके में पारा 1.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ी राज्यों के साथ-साथ मैदानी इलाकों में भी बारिश होगी। इसके अलावा, मध्य भारत के राज्यों में भी 27 और 28 दिसंबर को बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के स्थानीय मौसम विभाग ने शीत लहर की चेतावनी जारी की और 23 और 24 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी और बारिश की आशंका जताई और 27 दिसंबर को कई स्थानों पर भारी बर्फबारी और बारिश की आशंका जताई है। ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी में 24 दिसंबर तक कुछ स्थानों पर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अतिरिक्त, चंबा, कांगड़ा और कुल्लू में 25 दिसंबर तक शीत लहर और जमीनी पाले पड़ने की चेतावनी जारी की है। स्थानीय मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक भाखड़ा बांध और बल्ह घाटी के जलाशय क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सुबह और देर रात घना कोहरा छाने की संभावना है। वहीं, राजस्थान के कई हिस्सों में भी घना कोहरा और कड़ाके की ठंड रिकॉर्ड की है।

जर्मनी में कार हमले की भारत ने की निंदा

बर्लिन। भारत ने जर्मनी के मैगडेबर्ग शहर में एक बाजार पर हुए कार हमले की कड़ी निंदा की है, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। हमले में सात भारतीय भी शामिल हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने घटना पर दुख जताते हुए अपने बयान में कहा कि हम जर्मनी के मैगडेबर्ग में हुए इस हमले की कड़ी निंदा करते हैं। इस हमले में कई के जीवन नष्ट हो गए हैं और कई लोग घायल हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय मिशन घायल हुए भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों के संपर्क में है। उन्हें हर संभव मदद दी जा रही है। घायल हुए भारतीय नागरिकों में से 3 को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। बता दें हमलावार ने घटना को अकेले ही अंजाम दिया है।

यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करेगा रूस

एजेंसी

मास्को। चिंताजनक वैश्विक परिदृश्य के बीच रूस सुधारों के साथ पुर्नगठित की जाने वाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता को अपना समर्थन प्रदान करेगा। इसकी पुष्टि मॉस्को में दोनों देशों के बीच हालिया संपन्न हुई आतंकवाद से मुकाबले पर गठित किए गए संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 13वीं बैठक और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मामलों पर हुई छठे दौर की वार्ता में रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई वर्शीनिन ने की। बैठक में दोनों पक्षों ने बहुपक्षीय मंचों से लेकर आतंकवाद पर सहयोग को मजबूती प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया कि बैठक में विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल और रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई वर्शीनिन शामिल हुए। उधर, तन्मय लाल ने मॉस्को में रूस के उप विदेश मंत्री मिखाइल गालुजिन से भी मुलाकात की। वार्ता के दौरान वर्तमान में बने हुए अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मामलों पर चर्चा की गई। यूक्रेन विवाद इसमें मुख्य रूप से शामिल मुद्दा रहा। मंत्रालय के मुताबिक, दोनों देशों के बीच हुई बैठक में संयुक्त राष्ट्र और उसमें सुधार से जुड़े विभिन्न मामलों पर चर्चा के अलावा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

अल्बानिया में टिकटॉक बैन

एजेंसी

अल्बानिया। अल्बानिया के पीएम ने टिकटॉक पर बच्चों में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उसे एक साल के लिए बैन किए जाने का ऐलान किया है। अल्बानियाई अधिकारियों ने नवंबर के बीच में टिकटॉक पर शुरू हुए विवाद के बाद एक किशोर की दूसरे किशोर द्वारा चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद शिक्षकों और अभिभावकों के साथ करीबि 1300 बैठक की थीं। अल्बानिया पीएम एडी रामा ने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ हुई बैठक में कहा कि टिकटॉक सभी के लिए पूरी तरह से बंद किया जाएगा। अल्बानिया गणराज्य में टिकटॉक उपलब्ध नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला अगले साल यानी 2025 से लागू होगा। वहीं टिकटॉक ने चाकू मारने वाले किशोर के मामले पर अल्बानिया सरकार से तत्काल स्पष्ट जानकारी मुहैया कराने को कहा है। कंपनी ने कहा कि उसे इस बात का कोई सबूत नहीं मिला है कि अपराधी या पीड़ित का टिकटॉक अकाउंट था और कई रिपोर्ट में पुष्टि की है कि इस घटना से जुड़े वीडियो टिकटॉक पर नहीं बल्कि किसी अन्य मंच पर साझा किए गए थे। स्थानीय शोधकताओं के मुताबिक देश में टिकटॉक इस्तेमाल करने वालों में बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है।

लेखपालों का एंटी करप्शन टीम पर हमला

बाराबंकी। यूपी के बाराबंकी में लेखपालों द्वारा एंटी करप्शन टीम पर हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में शिकायतकर्ता को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। चार दिन पहले किसान की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने दो लेखपाल समेत मुंशी को गिरफ्तार किया था। एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों घूस लेते लेखपाल को तहसील परिसर से गिरफ्तार किया था। एक बार फिर एंटी करप्शन टीम को लेखपालों के घूसखोरी की शिकायत मिली। लेखपालों पर टीम की नजर थी, तभी लेखपालों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया।

राहत सामग्री लेने के दौरान भगदड़, बच्चों समेत 10 की मौत

एजेंसी

अबूजा। नाइजीरिया मैतामा जिला स्थित स्थानीय चर्च में राहत सामग्री वितरण के दौरान मची भगदड़ में चार बच्चों समेत कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। संघीय राजधानी क्षेत्र में पुलिस के प्रवक्ता जोसेफिन एडेह ने एक बयान में कहा कि क्रिसमस समारोह से पहले भोजन और कपड़ों सहित राहत सामग्री के वितरण के दौरान शनिवार को मैतामा में होली ट्रिनिटी कैथोलिक चर्च में अफरा-तफरी मच गई, जिसमें आठ अन्य लोग घायल हो गए। एडेह ने कहा, घायलों में से चार का इलाज किया गया और उन्हें छुट्टी दे दी गई, जबकि बाकि पीड़ितों को वर्तमान में चिकित्सा देखभाल मिल रही है।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक हजार से अधिक की संख्या में भीड़ को सफलतापूर्वक हटा दिया। नाइजीरिया के कैथोलिक सचिवालय के प्रवक्ता पाद्रे माइक न्सिकक उमोह ने बताया कि इस कार्यक्रम में आस-पास के गांवों और कम आय वाले उपनगरों से 3,000 से अधिक लोग शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना के बाद पैलिएटिव डिस्ट्रिब्यूशन (विशेष चिकित्सीय सुविधा जो गंभीर बीमारी के दर्द और अन्य लक्षणों से राहत प्रदान करने पर केंद्रित है) निलंबित कर दिया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार्यक्रम शनिवार सुबह 7 बजे से 8 बजे के बीच शुरू होने वाला था, इसके बावजूद कई लोग स्थानीय समयानुसार सुबह 4 बजे ही पहुंच गए। एक अलग बयान में नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनूबू ने दक्षिण-पूर्वी राज्य अनाम्ब्रा के एक शहर ओकिजा में शनिवार सुबह एक और भगदड़ की पुष्टि की, जहां स्थानीय लोगों को चावल वितरित करने की पहल घातक साबित हुई। पीड़ितों के सम्मान में अपने आधिकारिक कर्तव्यों को रद्द करते हुए टीनूबू ने कहा, दोनों त्रासदियों ने कई लोगों की जान ले

कल धरती के पास से गुजरेगा सबसे बड़ा एस्टेरॉयड

- इस एस्टेरॉयड का नाम 2024 एक्सएन1 रखा, मिलेंगी अहम जानकारियां

एजेंसी

नई दिल्ली। क्रिसमस का त्यौहार आने वाला है और लोग इसकी तैयारियों में लगे हैं और घरों को सजाया जा रहा हैं। इसी बीच एक खबर सामने आई कि क्रिसमस से ठीक पहले 24 दिसंबर को एक बड़ा एस्टेरॉयड पृथ्वी के पास से गुजरने वाला है। नासा के वैज्ञानिकों के मुताबिक इस एस्टेरॉयड का नाम 2024 एक्सएन1 रखा है और यह करीब 120 फीट लंबा है। यह एस्टेरॉयड 14,743 मील प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और

पृथ्वी से 4,480,000 मील की दूरी यानी धरती और चंद्रमा के बीच की दूरी का 16 गुना पर जाएगा, लेकिन घबराने की बात नहीं वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे पृथ्वी को कोई नुकसना नहीं होगा। नासा ने इस एस्टेरॉयड को लेकर कहा कि भले ही एस्टेरॉयड 2024 एक्सएन1 धरती के बहुत पास से गुजर रहा हो, लेकिन इससे कोई खतरा नहीं होगा। नासा इस पर नजर रखे हुए है और इसकी यात्रा को ट्रैक करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि 2024 एक्सएन1 जैसे एस्टेरॉयड्स सौरमंडल के प्रारंभिक दौर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दे सकते हैं। इनका अध्ययन करने से वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड की उत्पत्ति और इसके विकास को समझने में मदद मिलेगी। 2024 एक्सएन1 आगामी दिनों में पृथ्वी के पास से गुजरने वाले अगले पांच एस्टेरॉयड्स में सबसे बड़ा है। फिर भी नासा ने यह साफ कर दिया है कि इसके पृथ्वी को कोई संभावित खतरा नहीं होगा। इस एस्टेरॉयड की निगरानी नासा के एस्टेरॉयड वॉच डैशबोर्ड द्वारा की जा रही है।

श्रीनगर में आग से तीन घर जले, कोई जनहानि नहीं

बारामूला। श्रीनगर के सौरा इलाके के बोहलगपोरा इलाके में देर रात आग लग गई जिसके कई घर आग की चपेट में आ गए हैं। जिसमें करीब दो से तीन घर जल गए। जिससे काफी नुकसान हुआ लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोग व पुलिस के साथ-साथ अग्निशमन और आपातकालीन विभाग के अधिकारी वहां पहुंचे और लोगों की मदद की और आग को बुझाने का प्रयास किया। श्रीनगर शहर में आग लगने की एक अन्य घटना में, शालीमार के ऊपरी हिस्से में एक रिहायशी घर में आग लगी है। उसके नुकसान का अभी पता नहीं चला है।

बांग्लादेश ने तुर्की से खरीदा घातक यूएवी

- कर दिया सीमा पर तैनात

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश के अंदरूनी हालात किसी से छिपे नहीं हैं। मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में बनी अंतरिम सरकार में हिंदू अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं। लेकिन इस बीच बांग्लादेश ने पश्चिम बंगाल से लगती सीमा पर तुर्की में बने ड्रोन को तैनात कर दिया है। बांग्लादेश की तरफ से उठाए गए रणनीतिक कदमों के जवाब में, भारत ने भी बांग्लादेश सीमा के पास अपने मानव रहित हवाई वाहनों को तैनात किया है। यह तैनाती ऐसे समय में

हुई है जब बांग्लादेश ने उसी क्षेत्र में तुर्की में बने बायराक्टर को तैनात किया है, जो दोनों देशों के बीच सीमा सर्विलांस और सिक्योरिटी के नए हालात को बयान करता है। भारत द्वारा यूएवी की तैनाती को बांग्लादेश और अन्य क्षेत्रीय देशों के लिए एक रणनीतिक संकेत के रूप में भी देखा जा सकता है, जो भारत की किसी भी संभावित सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने की तैयारी और ताकत को दिखाता है। हालांकि, दोनों देशों ने सार्वजनिक रूप से अपनी बयानबाजी को नहीं बढ़ाया है, लेकिन ऐसे सैन्य कदम या तो तनाव बढ़ा सकते हैं या आपसी सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा करने के लिए कूटनीतिक वाताओं को प्रेरित कर सकते हैं। भारत के सशस्त्र बल, विशेष रूप से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), संभवतः ड्रोन विरोधी अभियानों को तेज करेंगे। इसमें एंटी-ड्रोन सिस्टम की तैनाती, रडार क्षमताओं को बढ़ाना, या यहां तक कि आक्रामक प्रतिकार के लिए अपने ड्रोन का उपयोग करना शामिल हो सकता है।

समुद्र में अपनी हुकूमत कायम करने चीन बढ़ा रहा जंगी जहाजों का बेड़ा

- 2030 तक नौ सेना बेड़े को 435 जंगी जहाजों को उतारे पर कर रहा काम

एजेंसी

वाशिंगटन। चीन की बढ़ती नौसैनिक शक्ति और उसकी वैश्विक समुद्री महत्वाकांक्षाओं को पेंटागन की ताजा रिपोर्ट ने उजागर किया है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन 2030 तक अपने नौसैनिक बेड़े को 435 जंगी जहाजों को बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है। अभी चीन के पास 370 जंगी जहाज हैं, लेकिन आने वाले पांच सालों में वह 65 नए

जहाजों और सबमरीन को शामिल कर 400 का आंकड़ा पार कर लेगा। इसके अलावा चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलए) का सबमरीन प्रोग्राम भी तेजी से चल रहा है। वर्तमान में चीन के पास 60 सबमरीन हैं, जिनमें बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर पावर्ड अटैक सबमरीन भी हैं। चीन का पूरा ध्यान ताइवान और दक्षिण चीन सागर पर है, जहां वह अपनी ताकत बढ़ाने के लिए नए एयरक्राफ्ट कैरियर और वॉरशिप को बेड़े में शामिल कर रहा है। चीन ने श्रीलंका, पाकिस्तान, और बांग्लादेश जैसे देशों में अपनी सैन्य उपस्थिति मजबूत कर भारत को घेरने की कोशिश की है।

चीन की इस चुनौती का सामना करने के लिए भारत ने भी अपनी नौसेना को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। भारतीय नौसेना आत्मनिर्भर भारत के तहत 2047 तक पूरी तरह स्वदेशी बनने की दिशा में काम कर रही है। भारत के पास फिलहाल 16 डीजल-इलेक्ट्रिक सबमरीन और 2 बैलिस्टिक मिसाइल न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन हैं। सरकार ने दो न्यूक्लियर अटैक सबमरीन के निर्माण को मंजूरी दी है। 2030 तक भारतीय नौसेना के पास 155-160 वॉरशिप होंगे। चीन अपनी संख्या और तेजी से बढ़ते बेड़े पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, वहीं भारत तकनीकी श्रेष्ठता, हिंद महासागर में प्रभुत्व, और रणनीतिक साझेदारियों के जरिए अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। 2030 तक, चीन और भारत के बीच यह नौसैनिक प्रतिस्पर्धा न केवल एशिया बल्कि वैश्विक सुरक्षा और समुद्री व्यापार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का प्रभुत्व और सहयोग आधारित रणनीति उसे इस दौड़ में पीछे नहीं रहने देगी।

जयपुर में अग्निकांड में डीएनए से हुई रिटायर्ड आईएएस के शव की पहचान

- एक शव दो हिस्सों में बंटा होने से गिनती में हो गई थी गलती

एजेंसी

जयपुर। जयपुर के भांकरोटा में दो दिन पहले भीषण अग्निकांड का शिकार हुए रिटायर्ड आईएएस करणी सिंह राठौड़ के शव की डीएनए जांच से शिनाख्त हो गई है। उनके शव की शिनाख्तगी के लिए उनकी बेटी का डीएनए लिया गया था। वहीं एक और अन्य शव की भी डीएनए जांच से पहचान की गई है। हादसे में 13 लोग मारे गए हैं। पहले इनकी संख्या 14 बताई गई थी। हादसे में लोग बुरी तरहर जल गए थे कि शवों की पहचान करना मुश्किल हो रहा था। इसलिए डीएनए जांच करवाई गई। जानकारी के मुताबिक मृतकों की संख्या को लेकर डीएनए जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखे गए पांच अज्ञात शवों के सैम्पल जांच के लिए भेजे गए थे। इनमें दो शवों का एक ही डीएनए निकला। हादसे के बाद जब जले हुए लोगों के शवों को उठाया गया था तब एक शव दो हिस्सों में बंटा हुआ था। लिहाजा उन्हें दो शवों के अवशेष मान लिया गया था, लेकिन जांच के बाद अब तय हो गया कि ये शव पांच नहीं बल्कि चार ही हैं। इन चार शवों की एफएसएल में हुई डीएनए जांच में दो की शिनाख्त हो गई है। इनमें एक शव रिटायर्ड आईएएस करणी सिंह का है और दूसरा यूपी निवासी संजय का है।

व्यायाम से बुजुर्गों की याददाश्त में हो सकता है सुधार

क्या आप अक्सर भूल जाते हैं? तो घबराइए नहीं। एक शोध में यह बात सामने आई है कि तेज चलना, डांस करना या सीढ़ियां चढ़ना आपकी याददाश्त बढ़ाने में महत्वपूर्ण हो सकता है और इसका लाभ एक दिन तक बना रह सकता है।

पिछले शोधों में कहा गया था कि व्यायाम के बाद कुछ घंटों में लोगों की याददाश्त में सुधार हो सकता है। लेकिन इसका यह लाभ कितने समय तक बना रह सकता है, इस बात का खुलासा नहीं किया गया था। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए नए अध्ययन से पता चला है कि 50 से 83 वर्ष की आयु के लोग जितनी अधिक मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि (जो हृदय गति बढ़ा सकती है) करेंगे, अगले दिन उनकी याददाश्त उतनी ही बेहतर होगी। कम समय तक बैठे रहना और छह घंटे या उससे अधिक सोना भी अगले दिन स्मृति परीक्षणों में बेहतर स्कोर से जुड़ा था।

इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बिहेवियरल न्यूट्रिशन एंड फिजिकल एक्टिविटी में प्रकाशित निष्कर्ष बताते हैं कि शारीरिक गतिविधि के अल्पकालिक स्मृति लाभ पहले की तुलना में अधिक समय तक रह सकते हैं। यूसीएल में महामारी विज्ञान और स्वास्थ्य देखभाल संस्थान की प्रमुख लेखिका डॉ. मिकाएला ब्लूमबर्ग ने कहा कि लाभ व्यायाम के कुछ घंटों बाद के बजाय अगले दिन तक बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, ऊअधिक नींद लेना, विशेष रूप से गहरी नींद, इस स्मृति सुधार में योगदान देती है।

शोधकर्ताओं ने बताया कि अल्पावधि में व्यायाम करने से मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह बढ़ता है। यह नोरएपिनेफ्रीन और डोपामाइन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के स्राव को उत्तेजित करता है जो संज्ञानात्मक कार्यों की एक श्रृंखला में मदद करते हैं। पहले यह माना जाता था कि व्यायाम के बाद कुछ घंटों तक ही उसका लाभ मिल पाता है। लेकिन अब नए शोध में पाया गया कि व्यायाम से जुड़ी अन्य मस्तिष्क स्थितियां अधिक लंबे समय तक चलती हैं।

साक्ष्य बताते हैं कि व्यायाम 24 घंटे तक मूड को बेहतर बना सकता है। शोध के लिए टीम ने 76 पुरुषों और महिलाओं के डेटा का विश्लेषण किया, जिन्होंने आठ दिनों तक गतिविधि ट्रैकर पहने और हर दिन संज्ञानात्मक परीक्षण किए। अध्ययन में पाया गया कि जो लोग तेज चलने, नृत्य करने, या कुछ मंजिलों की सीढ़ियां चढ़ने जैसी गतिविधियों में शामिल होते हैं, उन्हें तत्काल लाभ होते हैं जो पहले से अधिक समय तक रहते हैं। इसके विपरीत सामान्य से अधिक समय तक निष्क्रिय रहने से याददाश्त में कमी देखी गई।



अंडे का सफेद हिस्सा खाएं या पूरा अंडा?

अंडे में कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो ओवरऑल हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है। ब्लड लिपिड मार्कर और शरीर की बनावट को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। पोषक तत्व अंडे के कई पार्ट, जैसे अंडे की जर्दी यानी पीला पार्ट और अंडे के सफेद पार्ट के बीच समान रूप से नहीं होते हैं। इसका मतलब है कि पोषण मूल्य इस बात पर निर्भर करता है कि आप पूरा अंडा खाते हैं या सिर्फ़ अंडे का सफेद भाग।

अंडे में प्रोटीन अंडे के विभिन्न भागों में काफी समान रूप से वितरित होता है। हालांकि, अंडे का सफेद भाग पूरे अंडे की तुलना में बहुत अधिक प्रोटीन-से-कैलोरी अनुपात प्रदान करता है। क्योंकि वे प्रोटीन में उच्च और कैलोरी में कम होते हैं। यदि आप अंडे के सफेद भाग में उतनी ही कैलोरी लेते हैं जितनी एक पूरे अंडे में, तो आप 6.2 ग्राम की तुलना में लगभग 15 ग्राम प्रोटीन लेंगे।

अंडे के सफेद भाग के फायदे

जिन लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां हैं, उनके लिए अंडे का सफेद भाग काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। ये भाग हाई कैलोरी वाला भोजन होता है, जो शरीर को प्रोटीन प्रदान करता है। लेकिन कोलेस्ट्रॉल नहीं बढ़ाता। इसके अलावा इसमें कई तरह के अमीनो एसिड भी होते हैं, जो मांसपेशियों के विकार को बढ़ावा देते हैं और मांसपेशियों के निर्माण में मददगार होते हैं।

अंडे की जर्दी के फायदे

अंडे की जर्दी यानी 'एग यॉक' में कैरोटेनॉयड्स, ल्यूटिन और जेक्सैंथिन होते हैं। ये सभी एंटीऑक्सिडेंट मांसपेशियों के निर्माण में काफी मददगार साबित होते हैं और शरीर में बायोटिन जैसे कंपाउंड को बढ़ावा देने का काम करते हैं। जो लोग बहुत दुबले-पतले होते हैं, उनके लिए इसका सेवन बहुत ज्यादा फायदेमंद होता है। इसके अलावा, बालों की मजबूती और चेहरे की बनावट को भी बढ़ावा देता है।

शरीर के लिए दोनों ही फायदेमंद

अंडे की जर्दी या अंडे का सफेद भाग अलग-अलग स्थितियों में शरीर को फायदा पहुंचाता है। कई लोग अंडे की जर्दी को खाने से परहेज करते हैं और सिर्फ सफेद वाले भाग का ही सेवन करते हैं। अंडे का सफेद भाग, जहां वजन कम करने की चाहत रखने वालों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। वहीं अंडे की जर्दी भी शरीर के लिए उतनी ही जरूरी होती है। एक पूरा अंडा खाने से शरीर को संतुलित मात्रा में प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स मिलते हैं।

सर्दी में शरीर को रखना है गर्म तो रोज खाएं अंडे

सर्दियों में हमारा शरीर कई तरह की परेशानियों का सामना करता है। जब मौसम ठंडा होता है तो हमें बुखार, जुकाम और खांसी जैसी बीमारियां होने लगती हैं। इतना ही नहीं, सर्दियों में हमारी त्वचा भी बहुत सूखी और रूखी हो जाती है। हमारे हाथ-पैर भी इस मौसम में अक्सर ठिठुरते रहते हैं। ऐसे में सर्दियों में हमें अपनी डाइट में कुछ बदलाव करना चाहिए। इस मौसम में हमारा शरीर अतिरिक्त ऊर्जा और गर्माहट की मांग करता है। ऐसे में अंडे एक ऐसा सुपरफूड है जो हमारे शरीर को ठंड से बचाने में मदद कर सकता है। क्योंकि इसमें प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट्स, विटामिंस और मिनरल्स जैसे पोषक तत्वों का बैलेंस बना हुआ होता है। आइए जानते हैं कि रोजाना कितने अंडे खाने चाहिए।



जानें रोजाना कितने अंडे खाएं

सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए रोजाना अंडे खाना बहुत फायदेमंद होता है। अंडों में प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स की भरपूर मात्रा होती है जो शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं। लेकिन एक सवाल आता है कि रोजाना कितने अंडे खाने चाहिए? तो सर्दियों में रोजाना 1 से 2 अंडे खाने चाहिए। एक अंडा लगभग 70 कैलोरीज प्रदान करता है जो शरीर को गर्म रखने के लिए पर्याप्त होता है। इसके अलावा अंडे में विटामिन ए, डी, ई एवं के भी होते हैं जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं और बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं।

आयरन की कमी को दूर करता है अंडा

आपको बता दें कि अंडे में आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। एक बड़े आकार का अंडा लगभग 0.6 ग्राम आयरन होता है यह वयस्कों की रोजाना आयरन की आवश्यकता का लगभग 6 प्रतिशत हिस्सा है। अंडे खा कर हम अपने शरीर को पर्याप्त आयरन की आपूर्ति कर सकते हैं।



इस सांप को पसंद है गर्माहट, सर्दी में रात में सोते हुए लोगों का है दुश्मन

भारत के चार सबसे विषैले सांपों में कॉमन करैत का नाम शामिल है। इस खतरनाक सांप में न्यूरोटॉक्सिन नामक विष पाया जाता है, जो खून में मिलते ही तंत्रिका तंत्र को गंभीर रूप से प्रभावित करना शुरू कर देता है।

कॉमन करैत को जितना अपने घातक विष के लिए बदनाम माना जाता है, उससे कहीं ज्यादा यह सांप सोते हुए लोगों को डंसने की आदत के लिए कुख्यात है। हां, यह सुनने में अजीब जरूर लगता है, लेकिन यह सच्चाई है। यह सांप अक्सर रात के समय, खासतौर पर सर्दियों में, लोगों को उनकी नींद में ही डंस लेता है।

डंसने पर व्यक्ति को दर्द का एहसास नहीं होता, लेकिन इसका असर इतना घातक हो सकता है कि यदि समय पर इलाज न हो, तो यह जानलेवा साबित होता है। यही वजह है कि कॉमन करैत को सांपों की दुनिया का सबसे चुपचाप हमला करने वाला दुश्मन कहा जाता है।

सोते हुए लोगों का खतरनाक दुश्मन

वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट स्वप्निल खताल, जो पिछले 22 वर्षों से इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं, बताते हैं कि भारत के बिग फोर सांपों में शामिल कॉमन करैत अपने जानलेवा विष और सोते हुए लोगों को डंसने की आदत के लिए कुख्यात है। सबसे डरावनी बात यह है कि इस सांप के डंसने पर पीड़ित को यह एहसास तक नहीं होता कि उसे किसी सांप ने डंसा है। यदि समय पर इलाज न मिले, तो यह डंस मौत का कारण बन सकता है।

रात के अंधेरे में सक्रिय

कॉमन करैत, जैसे सभी सांप, कोल्ड-ब्लडेड होते हैं, जिनकी शरीर की तापमान को नियंत्रित करने के लिए उन्हें हमेशा गर्म जगह की तलाश रहती है। यही कारण है कि यह सांप दिन के बजाय रात के अंधेरे में अधिक सक्रिय रहते हैं, और शिकार की तलाश में घरों तक आ पहुंचते हैं।

भोजन की तलाश में

कॉमन करैत मुख्य रूप से छिपकली, मेंढक, और चूहे खाते हैं। ये जीव इन्हें भोजन के रूप में बेहद आकर्षित करते हैं, जिससे यह सांप अक्सर घरों में घुसकर इनका पीछा करते हैं। इस कारण रात में यह घरों में चुपके से घुस जाते हैं, और कई बार लोग सोते समय इनके द्वारा डंसे जाते हैं, जिससे उन्हें इसका एहसास नहीं होता और स्थिति गंभीर हो जाती है।

गर्माहट की तरफ आकर्षित

जब कॉमन करैत घरों में घुसता है, तो रात्रि का शांत माहौल उसे किसी प्रकार की घबराहट नहीं होने देता। इस शांति का फायदा उठाकर, यह सांप आराम से घर में रेंगते हुए बिस्तर तक पहुंच जाते हैं। बिस्तर पर इंसान के शरीर से निकलने वाली गर्मी को महसूस कर, वे इस ओर बढ़ते हैं। जैसे ही इनका स्पर्श इंसान से होता है, यह सांप आत्मरक्षा में तुरंत हमला कर देते हैं।

डंसने का खतरनाक तरीका

कॉमन करैत के दांत बेहद छोटे और सुई जैसे पतले होते हैं। ऐसे में जब यह सांप डंस करते हैं, तो इंसान को इसका एहसास नहीं होता। डंसे जाने के बाद भी व्यक्ति को दर्द महसूस नहीं होता, और यदि समय पर इलाज न मिले तो नींद में ही व्यक्ति की जान जा सकती है। यह एक भयावह स्थिति है, जहां शिकार को इस खतरनाक हमले का कोई संकेत नहीं मिलता, और जीवन को खतरा बढ़ जाता है।

बस दस मिनट में तनाव मुक्त हो जाएंगे आप, सरल है उपाय

आज के समय में तनाव जिंदगी का एक हिस्सा बन चुका है। काम का प्रेशर, जिम्मेदारियां और मौसम काफी हद तक इसके लिए जिम्मेदार हैं। ऐसे में तनाव में आना आम बात बन चुकी है, और ये मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में से महज 10 मिनट चुरा लें और यकीन मानें ये चोरी आपको गुनहगार नहीं बनाएगी बल्कि कइयों की निगाह में आपको बेहतर इंसान जरूर बना देगी।

अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन की एक रिपोर्ट के अनुसार हर 5 में से लगभग 1 व्यक्ति तनाव का शिकार है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि इससे राहत नहीं मिल सकती। इसके लिए आपको बस अपनी लाइफ स्टाइल में थोड़ा बदलाव लाना है गहरी सांस लेनी है, योग समेत छोटी-छोटी चीजों को शामिल करना है, जो कि आपकी जिंदगी के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है।

कुल 10 मिनट ही देने हैं और कुछ ही दिनों में देखेंगे कि आप बदल गए हैं और आपका नजरिया भी बदल गया है। मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक तनाव हमारे ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है जिससे बिना श्रम किए हम थकान महसूस कर सकते हैं। तनाव की वजह से दिल की धड़कन तेज होती हैं, मांसपेशियों में तनाव आता है और चिड़चिड़ापन या गुस्सा आने लगता है। मानसिक और शारीरिक समस्याएं भी हो सकती हैं।

तनाव से मुक्ति और राहत के लिए आप गहरी सांस ले सकते हैं। जर्नल कॉग्निशन एंड इमोशन की एक रिसर्च के अनुसार भावनात्मक स्थितियां सांस लेने के पैटर्न पर निर्भर करती हैं। गहरी सांस लेने से शरीर में कई बदलाव होते हैं और इसका असर हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। गहरी सांस लेने से मस्तिष्क को अधिक ऑक्सीजन मिलता है और ऑक्सीजन के स्तर के बढ़ने से राहत महसूस होती है। 5 सेकंड के लिए नाक से धीरे-धीरे और गहरी सांस लें और फिर फेफड़ों को पूरी तरह से खाली करने के लिए धीरे-धीरे सांस छोड़ें।

अस्त-व्यस्त दिनचर्या से मांसपेशियों को बिल्कुल भी आराम नहीं मिल पाता है। शारीरिक रूप से थके होंगे तो इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ेगा। ऐसे में मांसपेशियों को राहत देने के लिए आराम करें। ऐसा करने से भी तनाव मुक्त हो सकते हैं। गड़बड़ दिनचर्या में योग बेहद मायने रखता है। समय की कमी हो तो 'योग निद्रा' एक शानदार विकल्प हो सकता है। केवल 10 मिनट का यह योग आपको बड़ी राहत दे सकता है। इससे चिड़चिड़ापन कम हो सकता है और तनाव भी उड़न छू हो जाता है।

तनाव की जद में आए व्यक्ति को हर बात में नकारात्मकता के साथ गुस्सा और कभी-कभी हर कोई अपने खिलाफ लगता है। ऐसे में इन समस्याओं से निपटने के लिए अपने किसी दोस्त, फैमिली मेंबर या ऑफिस के साथी को उसकी किसी मदद के लिए एक धन्यवाद नोट लिखें। इससे तनाव कम हो सकता है।

खुली हवा में सांस लेना या बाहर टहलना आपको तनाव से दूर करने में मदद कर सकता है। तनाव में इंसान एक अजीब सी स्थिति में कैद हो जाता है। ऐसे में राहत के लिए घर से बाहर सैर पर निकलना एक बेहतर ऑप्शन हो सकता है। एक रिसर्च के अनुसार ताजी हवा में सांस लेना फायदेमंद होता है। खुले वातावरण में या नेचर के करीब 10 मिनट बैठने या टहलने से तनाव कम करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।



विजय सेतुपति को लेकर थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं एटली

शाहरुख खान को लेकर ब्लॉक बस्टर जवान बनाने वाले निर्माता निर्देशक एटली इन दिनों अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। यह फिल्म आगामी सप्ताह क्रिसमिस के मौके पर प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म में वरुण धवन जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। अब निर्माता एटली और मुराद खेतानी ने अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा की है, जो कि एक तमिल थ्रिलर फिल्म होगी जिसमें विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। दोनों ने एक बार फिर साथ काम किया है, इस बार एक मनोरंजक कहानी के लिए जो अभिनेता की बहुमुखी प्रतिभा को उनके स्टार पावर के साथ मिलाने का वादा करती है। प्रोजेक्ट से जुडे सूत्रों ने बताया कि अभी तक बिना शीर्षक वाली यह फिल्म 2025 की पहली तिमाही में फ्लोर पर आएगी, जिसे साल के अंत तक सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना है। रिपोर्ट में एक सूत्र ने बताया, फिल्म का विषय शानदार है और इसमें शामिल सभी लोग प्रोडक्शन शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह थ्रिलर एक अभिनेता और एक स्टार दोनों के रूप में विजय सेतुपति के कद के साथ न्याय करेगी। मुराद खेतानी ने पोर्टल के साथ एक विशेष साक्षात्कार में सहयोग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, पाइपलाइन में कई प्रोजेक्ट हैं, लेकिन एक फिल्म को लॉक कर दिया गया है। एटली सर और मैं एक तमिल फिल्म शुरू कर रहे हैं, जो बहुत जल्द फ्लोर पर जाएगी। हम जल्द ही अधिक जानकारी साझा करेंगे। इसके अलावा, एटली ने इस प्रोजेक्ट के लिए अपना उत्साह साझा करते हुए कहा- हां, यह विजय सेतुपति सर के साथ एक फिल्म है। यह एक शानदार कहानी है जिस पर मुराद सर और मैं पिछले दो सालों से काम कर रहे हैं। यह सिने1 और ए फॉर एप्पल की अगली धमाकेदार फिल्म है। यह घोषणा बेबी जॉन की रिलीज से ठीक पहले की गई है, जिसे एटली, मुराद खेतानी और जियो स्टूडियोज ने प्रोड्यूस किया है।

कभी भोली पंजाबन तो कभी बनीं लज्जो, ऋचा के किरदारों ने जीता दिल

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई अभिनेत्रियों का बोलबाला है, जिनमें कुछ स्टारकिड्स भी हैं। इन सबके बीच एक ऐसी अभिनेत्री ऋचा चड्ढा भी हैं, जिसने न केवल इंडस्ट्री में कदम रखा, बल्कि आउटसाइडर होकर भी कई स्टार किड्स से आगे निकल गईं। उनमें खास बात यह रही कि उन्होंने खुद को फिल्मों में केवल एक ही तरह के किरदार में नहीं ढाला, बल्कि डेब्यू फिल्म से लेकर करियर की कई फिल्मों में अलग-अलग किरदार में खुद को बखूबी उतारा। उन्होंने कभी नगमा बेगम बन दमदार अदाकारी दिखाई तो कभी लज्जो बन अदाएं।

मसान में देवी

नीरज घेवन निर्देशित फिल्म मसान कई मायनों में मील का पत्थर साबित हुई। वाराणसी की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म जाति और वर्ग से परे मानवीय रिश्तों के बारे में बताती है। फिल्म में ऋचा चड्ढा ने देवी की भूमिका निभाई है, जो एक कंप्यूटर ट्रेनिंग की टीचर है, जो एक घटिया होटल में अपने प्रेमी के साथ इंटीमेट होते समय पुलिस छापे का शिकार बन जाती है। ऋचा चड्ढा ने एक सीधी-सादी और चुलबुली मध्यमवर्गीय लड़की की भूमिका निभाई, जो साथियों से बदतमीजी और वर्दीधारी पुरुषों से लगातार ब्लैकमेलिंग का सामना करती है, लेकिन फिर भी अपने सिर को ऊंचा रखती है।

गैंग्स ऑफ वासेपुर में नगमा खातून

अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर हिट रही। ऋचा चड्ढा को भी इस फिल्म से खास पहचान मिली। ऋचा चड्ढा ने गैंगस्टर सरदार खान (मनोज बाजपेयी) की जिद्दी पत्नी नगमा खातून खान की भूमिका निभाई। ऋचा चड्ढा ने एक अधिकार जताने वाली पत्नी के रूप में शानदार अभिनय किया है। इस किरदार से वह खूब मशहूर हुईं।

फुकरे में भोली पंजाबन

ऋचा चड्ढा के करियर को फुकरे सीरीज और फिल्म ने ऊंचाई पर पहुंचाया, जिसमें उन्होंने भोली पंजाबन का किरदार निभाया था। भोली पंजाबन के रूप में ऋचा चड्ढा ने शानदार अभिनय किया है। वह एक तीखी, उग्र और भोली-भाली स्थानीय डॉन है। वह फुकरे की विरोधी है। यह फिल्म निकम्मे दोस्तों हनी, चूचा, लाली और जफर (पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा , नवजोत सिंह और अली फजल) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो जल्दी अमीर बनने की योजना बनाते हैं। यह उन्हें भोली पंजाबन के अड्डे तक ले जाता है। भोली इस योजना का हिस्सा बनने के लिए तुरंत तैयार हो जाती है, लेकिन जब योजना विफल हो जाती है और वे सभी पैसे खो देते हैं तो चीजें गड़बड़ा जाती हैं। ऋचा चड्ढा ने एक गुस्सैल लेडी-डॉन की भूमिका निभाई है, जो अपना पैसा वापस पाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ती।

सरबजीत में सुखप्रीत कौर

सरबजीत में ऋचा चड्ढा की मुख्य भूमिका नहीं थी, लेकिन फिर भी उन्होंने कुछ दृश्यों से दर्शकों का दिल जीता। फिल्म में उन्होंने सरबजीत सिंह अटवाल (रणदीप हुड्डा) की समर्पित पत्नी सुखप्रीत कौर का किरदार निभाया था। जब भारतीय नागरिक सरबजीत गलती से नशे की हालत में भारत-पाक सीमा पार कर जाता है, तब उस पर पाकिस्तान सरकार द्वारा भारतीय जासूस होने का गलत आरोप लगाया जाता है। फिल्म में सरबजीत की पत्नी बन ऋचा परिवार का स्तंभ और ताकत बनने की कोशिश करती हैं।

हीरामंडी में लज्जो

फुकरे की तरह हीरामंडी भी ऋचा चड्ढा के करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई। संजय लीला भंसाली की डेब्यू सीरीज में ऋचा ने लज्जो की भूमिका निभाई थी। यह सीरीज 1920 से 1940 के दशक के लाहौर के रेड-लाइट एरिया हीरामंडी में वेश्याओं के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। सीरीज में लज्जो ने कम स्क्रीन टाइमिंग में भी महफिल लूट ली थी और वह अपने छोटे किरदार से अन्य अभिनेत्रियों पर भारी पड़ गईं।

बड़े मियां छोटे मियां को कर पछता रही हैं अलाया?

अलाया एफ बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी हैं, हालांकि, उनकी फिल्में फ्लॉप लिस्ट का हिस्सा बन रही हैं। बड़े मियां छोटे मियां की असफलता के बाद अलाया के करियर को तगड़ा झटका लगा है। हालांकि, अब लग रहा है कि अलाया एफ इस फिल्म को कर के काफी निराश हैं। अलाया ने बड़े मियां छोटे मियां फिल्म को एक नई सीख के रूप में लिया है। अलाया ने कहा कि अब वह अपना कुछ समय फिल्में चुनने में निकालेंगी और करियर को फिर से पटरी पर लाएंगी। अलाया अब अपनी आगामी फिल्मों को लेकर काफी व्यस्त चल रही हैं।

'इंस्पेक्टर जेंदे' में मुख्य भूमिका निभाएंगे मनोज बाजपेयी

'द फैमिली मैन सीजन 3' के बाद मनोज बाजपेयी एक बार फिर पुलिसवाले के किरदार में नजर आने को तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता नेटफ्लिक्स की आगामी फिल्म में नजर आ सकते हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'इंस्पेक्टर जेंदे' नाम की फिल्म बनाना चाहती है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में होंगे। उनके साथ अभिनेता जिम सर्भ भी नजर आएंगे। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म से जुड़ी जानकारियों अभी गुप्त हैं और इस परियोजना पर अभिनेता ने साइन कर दिया है और अगले साल से इस पर काम शुरू होगा। पीपिंग मून के मुताबिक मनोज बाजपेयी, जो फिल्मों और वेब-सीरीज के कई शेड्यूल में व्यस्त हैं, अगले महीने यानी जनवरी से नेटफ्लिक्स ड्रामा पर काम शुरू करेंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि फिल्म की टीम ने पहले ही फिल्म पर काम शुरू कर दिया है, जिसे मुंबई में एक ही शेड्यूल में शूट किया जाएगा और फरवरी तक यह शूट चलेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरभ और अन्य लोग पहले ही शूटिंग में शामिल हो चुके हैं, जबकि बाजपेयी अपने शेड्यूल को देखते हुए 5 जनवरी को उनके साथ जुड़ेंगे।

एक्शन कॉमेडी फिल्म होगी

रिपोर्ट्स में बताया गया कि इस फिल्म में ना केवल बाजपेयी मुख्य भूमिका में होंगे, बल्कि यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें एक्शन, कॉमेडी और सस्पेंस एक साथ होंगे। हालांकि, बाकी कलाकारों को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इसके अलावा कहा जा रहा है कि फिल्म का निर्माण जय शेवक्रमणि द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने कार्तिक आर्यन अभिनीत 'फेडी' और करीना कपूर खान अभिनीत 'जाने जां' जैसी फिल्में बनाई हैं।

विधु विनोद चोपड़ा लिख रहे हैं दो बड़ी फिल्मों का सीक्वल

विधु विनोद चोपड़ा पिछले साल फिल्म '12वीं फेल' से दर्शकों को इमोशनल करने में कामयाब रहे थे। उन्होंने इस फिल्म का निर्देशन किया, साथ ही फिल्म को प्रोड्यूस भी किया। इस फिल्म के राइटर भी विधु विनोद चोपड़ा ही थे। हाल ही में उन्होंने बताया कि वह अपनी ही दो बड़ी हिट फिल्मों का सीक्वल लिख रहे हैं।

कौन सी है दो बड़ी फिल्में

हाल ही में एक इंटरव्यू में विधु विनोद चोपड़ा ने दो बड़ी फिल्मों के सीक्वल को लेकर खुलासा किया। वह बताते हैं, 'हां, मैं 3 इडियट्स का दूसरा पार्ट और 'मुन्ना भाई 3 लिख रहा हूं।' इन फिल्मों का इंतजार दर्शकों को लंबे समय से है।

फिल्मों की है बड़ी फैन फॉलोइंग

'3 इडियट्स' और 'मुन्ना भाई' सीरीज की फिल्मों की अपनी अलग ही फैन फॉलोइंग है। इन फिल्मों ने दर्शकों जहां खूब हंसाया है, वहीं उनकी जिंदगी पर भी पॉजिटिव असर डाला है। '3 इडियट्स' में आमिर खान मुख्य भूमिका में थे, वहीं 'मुन्ना भाई' में संजय दत्त ने मुख्य भूमिका निभाई थी। दोनों ही कलाकारों ने इन फिल्मों में ऐसे किरदार निभाए जो सिनेमा जगत में हमेशा याद रखे जाएंगे। '3 इडियट्स' में आमिर के किरदार रैंचो से कई लोग इंस्पायर हुए थे। वहीं 'मुन्ना भाई' सीरीज की फिल्मों में भी दर्शकों के लिए कोई ना कोई संदेश होता है।

हॉरर कॉमेडी भी बनाएंगे

'3 इडियट्स' का दूसरा पार्ट और 'मुन्ना भाई 3' के अलावा भी विधु विनोद चोपड़ा एक हॉरर-कॉमेडी भी बनाने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर अभी उन्होंने ज्यादा डिटेल शेयर नहीं की हैं।

12वीं फेल के बाद बढ़ी गई उम्मीद

विधु विनोद चोपड़ा निर्देशित पिछले साल रिलीज हुई फिल्म '12वीं फेल' दर्शकों को काफी पसंद आई थी इस फिल्म ने लोगों को बहुत मोटिवेट किया। फिल्म में एक गांव के गरीब लड़के की आईपीएस बनने की कहानी को दिखाया गया था। फिल्म में विक्रांत मैसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

सोचा नहीं था कमर्शियल सिनेमा का हिस्सा बनूंगा

इंडियन सिनेमा के सबसे लोकप्रिय किरदार 'पुष्प राज' की आवाज बन चुके श्रेयस तलपदे की 'पुष्पा 2' के बाद दूसरी फिल्म 'मुफासा- द लॉयन किंग' रिलीज हो रही है। इस फिल्म में एक्टर ने टिमोन के किरदार की डबिंग की है। हाल ही में श्रेयस तलपडे ने इस फिल्म को लेकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपनी फिल्म 'इकबाल' को लेकर कुछ खास यादें शेयर करते हुए कहा कि इस फिल्म को करते समय कमर्शियल सिनेमा के बारे में नहीं सोचा था।

मुफासा- द लॉयन किंग' के हिंदी वर्जन में शाहरुख खान और उनके बेटों की आवाज सुनने को मिलेगी। शाहरुख खान ने इस फिल्म के मुख्य किरदार मुफासा, आर्यन खान ने सिंबा और अबराम ने छोटे मुफासा की डबिंग की है। एक तरह से देखा जाए तो यह शाहरुख खान की फैमिली फिल्म हो गई है। श्रेयस तलपडे ने इस फिल्म में टिमोन के किरदार की डबिंग की है। वह कहते हैं- हम तो बहुत बड़े शाहरुख खान के फैन हैं। इस फिल्म से जुड़कर बहुत खुशी हुई।

एनिमेटेड करेक्टर की डबिंग बिल्कुल ही अलग होती है

श्रेयस तलपडे मानते है कि एनिमेटेड करेक्टर की डबिंग बिल्कुल ही अलग होती है। वह कहते हैं- ओरिजिनल करेक्टर के सुर को पकड़कर अपने अंदाज और अपनी भाषा में डबिंग करनी पड़ती है। सबको भाषा समझ में आए, इसका भी ध्यान देना पड़ता है। टिमोन को हिंदी में मयूर पुरी ने सहज भाषा में लिखा है, लेकिन उसमें अपनी तरफ से भी कुछ वाक्य ऐसे जोड़ने पड़े, जिसे हिंदी दर्शक आसानी से समझ सके। हमने ऐसी कोशिश की है कि डायलॉग असरदार तरीके से लोगों तक पहुंचे।

बेटर परफॉर्मेंस का प्रेशर हमेशा रहता है

श्रेयस तलपडे कहते हैं- 'द लॉयन किंग' में टिमोन के किरदार की डबिंग कर चुका था। किरदार के बारे में तो मुझे पता था। 2019 में यह बहुत बड़ी हिट हुई थी। ऐसे में दर्शकों की उम्मीदें थोड़ी बढ़ जाती है। हमारे सामने भी बेटर परफॉर्मेंस का प्रेशर हमेशा रहता है। इसलिए यह किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होता है।

टिमोन की वजह से 'पुष्पा पार्ट वन' मिला था

'द लॉयन किंग' से श्रेयस तलपडे ने प्रोफेशनल तरीके से डबिंग की दुनिया में कदम रखा था। वह कहते हैं- डबिंग की दुनिया में एक कलाकार के तौर पर टिमोन की डबिंग मेरा पहला प्रयोग था। इस फिल्म के टिमोन किरदार की वजह से ही मुझे 'पुष्पा पार्ट वन' में डबिंग करने का मौका मिला था और फिर 'पुष्पा पार्ट टू' मिली थी।

डबिंग अब पैरेलल इंडस्ट्री बन गई है

क्षेत्रीय फिल्मों की वजह से अब डबिंग पैरेलल इंडस्ट्री बन गई है। श्रेयस तलपडे कहते हैं- बेसिकली डबिंग भी एक आर्ट है। इसको भी एक सम्मानित जगह मिलनी ही थी। आज क्षेत्रीय फिल्में पैन इंडिया स्तर पर रिलीज हो रही हैं। इसका फायदा डबिंग कलाकारों को मिल रहा है। डबिंग कलाकारों का सम्मान बढ़ा है और लोग उन्हें उनके नाम से जानने लगे हैं। अब यह इंडस्ट्री भी तेजी से बढ़ रही है। इकबाल दिल के बहुत करीब है, मिस करता हूं

सोचा नहीं था कमर्शियल फिल्म में मौका मिलेगा

फिल्म 'इकबाल' से जुड़ा एक किस्सा शेयर करते हुए श्रेयस ने कहा- गोवा फिल्म फेस्टिवल में 'इकबाल' दिखाई जा रही थी। तभी सुभाष घई जी का फोन आया कि संगीत सिवन एक फिल्म 'अपना सपना मनी मनी' बना रहे हैं, गोवा से आते ही उनसे मिल लेना।

सुभाष घई बोले- तो क्या उम्र भर इकबाल ही करता रहेगा

श्रेयस तलपडे को उम्मीद नहीं थी कि 'इकबाल' के तुरंत बात उन्हें कमर्शियल फिल्म में काम करने मौका मिलेगा। वह कहते हैं- 'अपना सपना मनी मनी' का नाम सुनते ही मैंने सोचा कि यह तो कमर्शियल फिल्म है। मन की बात जब सुभाष घई जी से शेयर की। वे बोले- तो क्या उम्र भर 'इकबाल' ही करता रहेगा, कमर्शियल फिल्म नहीं करेगा। मैंने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि कमर्शियल फिल्म में काम करने का मौका मिलेगा।

गृहमंत्री के बयान पर सपाईयों ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

नोएडा (चेतना मंच)। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने देश के गृहमंत्री अमित शाह के बयान

पर आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश सचिव सुनील चौधरी व राकेश यादव ने कहा कि गृह मंत्री के इस बयान से दलित पिछड़ों के प्रति भाजपा की संविधान विरोधी मानसिकता प्रकट होती है। सपा महासचिव विकास यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र और संविधान को मजबूत बनाना है जिससे दलित,पिछड़े समाज के जीवन में खुशहाली आए।

इस मौके पर संजय त्यागी, मोहम्मद नौशाद, बबलू चौहान, राम सहेली ,शालिनी खारी, बबली शर्मा, मोनू खारी,चिंटू त्यागी ,वीरपाल प्रधान,नेहा पांडे ,रामवीर यादव, टीटू यादव, बाबा जयवीर, विवेक यादव, कालू यादव, अंकुर पहलवान, मुकेश यादव,योगेश भाटी, अमित बसोया, सुमित अंबावत , कवित गुर्जर, अजब सिंह यादव, हीरालाल यादव रविंद्र यादव ,राणा मुखर्जी ,सौरभ चौहान, शादाब खान , अभिषेक यादव, तनवीर हुसैन,अनिल कुमार, महकर तंवर, नकुल चौहान, अरविंद चौहान, अजीम अली जैदी, अच्छे मियां, नूरुल हसन, मुन्ना आलम, बाबूलाल बंसल, वीरपाल अवाना, रोहित यादव,राजाराम यादव, लोकेश यादव ,शेखर यादव ,लखन यादव,हसीब सैफी, निसार अहमद, शिव कुमार, सलीम, दिलशाद ,मयंक, मोहम्मद सद्दाम, संतोष चौटाला,वीर बहादुर, अनुराग यादव, बिल्लू सैफी ,सतवीर यादव, मुनाजिर हसन ,नरेंद्र शर्मा, सुशील यादव, दीपांशु, गोविंद ,नीतीश, रूबी, रूबी मुन्नी ,वीणा,नाजिया ,नूरजहां ,बिमला, कैलाश यादव ,तेज प्रकाश ,सोनू कृष्णा आदि उपस्थित रहे।

पीतांबर शर्मा फिर बने ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष

दादरी (चेतना मंच)। चिटहेड़ा गांव निवासी पंडित पीतांबर शर्मा के दोबारा ब्राह्मण महासभा का

अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व समाजसेवियों ने उन्हें बधाई दी।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा के आवास में आयोजित बैठक में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर और हापुड़ जनपद के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में उपस्थित लोगों ने एक बार फिर पंडित पीतांबर शर्मा को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। पदाधिकारी ने उन्हें पगड़ी और पटका पहना करके सम्मानित किया।

महासभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पंडित पीतांबर शर्मा को अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया। बैठक में संगठन में हो रही कुछ अनियमितताओं के बारे में भी चर्चा हुई। सभी ने एक मत होकर निर्णय लिया कि संगठन में संविधान और नियम विरोधी कार्य करने वालों की शिकायत राष्ट्रीय अध्यक्ष से की जाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर खरा उतरने का वह हर संभव प्रयास करेंगे।

बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री परमानंद शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर अनिल शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, रामकुमार शर्मा जिला महामंत्री, रतन वीर शर्मा नगर महामंत्री, विजय कौशिक नगर कोषाध्यक्ष, मास्टर डालचंद शर्मा, रामवीर शर्मा एडवोकेट, ज्ञानचंद शर्मा एडवोकेट, डॉक्टर धनेश शर्मा खेड़ी, दिनेश शर्मा जारचा, विनोद शर्मा,पुष्पेंद्र कौशिक आदि मौजूद रहे।

प्रियंका गांधी को भेंट की श्रीकृष्ण की मूर्ति

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य नोएडा के वरिष्ठ नेता सतेन्द्र शर्मा एव प्रदेश सदस्य यतेन्द्र शर्मा ने की

कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एव वायनाड से नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा से दिल्ली में स्थित 10 जनपथ पर मुलाकात कर वायनाड से ऐतेहासिक जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की एव भगवान श्रीकृष्ण जी की मूर्ति भेट की।

सतेन्द्र शर्मा ने बताया की प्रियंका गांधी वाड्रा जी से मुलाक़ात करके कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ता है और कार्यकर्ता को सीधे तौर पर अपनी बात रखने का मौका मिलता है जिससे अपने झेत्र की प्रमुख समस्याओं को भी अपनी नेता के समक्ष रख सके।

प्रियंका गांधी को किसान आंदोलन की दी जानकारी

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव नोएडा निवासी पुरुषोत्तम नागर ने कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं

वायनाड सांसद प्रियंका गांधी जी से दिल्ली 10 जनपथ पर मुलाकात की ।

श्रीमती प्रियंका गांधी ने पुरुषोत्तम नागर से जिले की वर्तमान परिस्थित और किसानों के आंदोलन के बारे में जानकारी ली। पुरूषोतम नागर ने कहा कि अपनी नेता से मिलकर बहुत अच्छा लगा और प्रियंका गांधी जी ने जनता के मुद्दों को उठाने और उनकी लड़ाई को जारी रखने के लिए कहा।

व्यापारियों ने किया सीईओ का स्वागत

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा सेक्टर-18 में 'नोएडा कनेक्ट' विंटर कार्निवल में व्यापारियों ने प्राधिकरण के सीईओ डा.लोकेश एम का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा.लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री, डीजीएम सिविल विजय रावल, नोएडा भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता का सौरभ डायमंड सेक्टर-18 के मालिक सौरभ अग्रवाल के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, संजय गोयल, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, एनईए अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, उमेश त्यागी, भाजपा के महामंत्री अल्पेश गर्ग, तुषार गोयल अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी गणों की उपस्थिति हुए।

जरूरतमंदों को केएआई ने बांटे कम्बल

नोएडा (चेतना मंच)। केयरिंग एसोसिएशन इंडिया ने

अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत ठंड के मौसम में गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार 17वे वर्ष अपने विशेष कंबल वितरण अभियान 'वन क्लॉथ वन सोल' की शुरुवात करी।

यह कार्यक्रम नोएडा से 61 मेट्रो स्टेशन से सुबह 9 बजे शुरू किया गया व से 35, से 33, निठारी, मामूरा होकर से 62 पर समाप्त हुआ, जिसमें लगभग 500 से अधिक जरुरतमंदो को कंबल वितरित किए गए।

केयरिंग एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष शिवांश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना हमारी प्राथमिकता है।

यह कार्यक्रम हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम हर संभव प्रयास करेंगे ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड में परेशान न हो।

कार्यक्रम मे संस्था के प्रदेश संयोजक अलोक गर्ग, नोएडा संयोजक पंकज त्रिपाठी, प्रवीण मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

प्रियंका गांधी से मिलकर संघर्ष करने का जज्बा हुआ दुगना : रामकुमार तंवर

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने की कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी से दिल्ली में स्थित 10 जनपथ पर मुलाक़ात की ।रामकुमार तंवर ने बताया की प्रियंका गांधी जी से मुलाक़ात उत्साह वर्धक रही।

रामकुमार तंवर ने अपनी नेता प्रियंका गांधी जी को बताया की किस तरह से भाजपा के इशारे पर पुलिस ने जबरन उन्हें घर में नजर बंद करने का दुर्भाग्यपूर्ण कार्य किया।

इस अवसर पर प्रियंका गांधी ने कहाकि आम आदमी की आवाज को उठाने का कार्य करते रहो।

क्रिसमस पर 22 एचआईवी पॉजिटिव अनाथों को बांटे उपहार

नोएडा (चेतना मंच)। सोच फाउंडेशन ने क्रिसमस के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया। इस आयोजन में 22 एचआईवी पॉजिटिव अनाथ बच्चों के बीच उपहार वितरित किए गए।फाउंडेशन के संस्थापक अनिल सेठी और कुणाल सेठी की उपस्थिति में बच्चों को शैक्षिक किट्स प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में अनिल सेठी ने बच्चों को बेहतर भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन करते हुए कहाकिहमारा उद्देश्य बच्चो के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा के माध्यम से उन्हें सक्षम बनाने का है।

कुणाल सेठी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में ऐसे बच्चों की मदद करना हम सभी की जिम्मेदारी है। सोच फाउंडेशन द्वारा इन बच्चों के लिए की गई यह पहल बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सोच फाउंडेशन के इस प्रयास ने न केवल क्रिसमस के उत्सव को विशेष बना दिया, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक प्रेरणा भी दी।

इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को न केवल खुशी मिलती है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

मानव रचना स्कूल ने मनाया वार्षिक खेल दिवस

नई दिल्ली (चेतना मंच)। नोएडा स्थित मानव रचना

इंटरनेशनल स्कूल ने अपना वार्षिक खेल दिवस स्पोर्टी अवेंजर्स दिल्ली के कॉमनवेल्थ खेल गांव में मनाया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वर्गों की दौड़ रिले रेस शर्ट फुल हैंडल रेस डिस्कस थ्रो तथा जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

स्कूल के कार्यकारी निदेशक लवकेश मंगू, प्रधानाचार्य सुश्री निंदिया साकेत, निदेशिका सुश्री संयोगिता शर्मा, राष्ट्रीय गीतकार आलोक कुमार सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष तथा एफएम रेडियो फीवर के आर जे राहुल माकिन वह विद्यालय के खिलाड़ियों द्वारा खेल मसाला प्रज्वलित की गई छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पस्त कर सोहर और एकता का सशक्त संदेश दिया गया। वार्षिक खेल दिवस में छात्र-छात्राओं ने अपने अद्भुत और भाव प्रदर्शनों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के खिलाड़ियों ने डेडपूल ड्रिल, कलरी पट्टू ड्रिल, योगासन ड्रिल पिरामिड निर्माण का बेहतर तरीके से प्रदर्शन किया समापन के अवसर पर विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पदक ट्राफी तथा प्रमाण पत्र दिए गए। स्कूल के और फॉल्कन हाउस ने बेस्ट हाउस ट्रॉफी जीती जबकि वाइल्ड कैट्स हाउस ने बेस्ट मार्च पास्ट ट्रॉफी जीती।